नई दिल्ली

सोमवार, 17 नवंबर 2025

मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 214

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**इफ्फी 2025: 20 से 28 नवंबर तक गोवा में**

### 81 देशों की 240 फिल्मों के साथ होगा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव



**नई दिल्ली।** इफ्फी 2025 का आयोजन 20 से 28 नवंबर तक गोवा में हो रहा है। यह महोत्सव 1952 से दक्षिण एशिया का एकमात्र एफआईएपीएफ-मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है। इस वर्ष जापान को 'कंट्री ऑफ फोकस', स्पेन को 'पार्टनर कंट्री' और ऑस्ट्रेलिया को 'स्पॉटलाइट कंट्री' के रूप में चुना गया है। महोत्सव में 81 देशों की 240 शेष पेज 5 पर




## पीएम मोदी ने किया सूरत स्टेशन का निरीक्षण

# बुलेट ट्रेन कर्मचारी का कहना था कि.. न नाम चाहिए न इनाम चाहिए, बस देश आगे बढ़े, ये अरमान चाहिए

**गुजरात में जल्द ही शुरू होगा बुलेट ट्रेन का ट्रायल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नरेंद्र मोदी

गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। वे सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की। वहीं, रविवार को इससे संबंधित एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच शेष पेज 5 पर

**पीएम ने इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत**



पीएम मोदी कर्मचारियों से बातचीत करते हुए

**मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की**

### पीएम मोदी ने कर्मचारियों को सराहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना देश के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक अहम कदम है और इससे यात्रियों को तेज और शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सतीश बने नौसेना के मुख्य स्टाफ अधिकारी



**नई दिल्ली।** रियर एडमिरल सतीश वासुदेव ने शनिवार को पश्चिमी नौसेना कमान के मुख्य स्टाफ अधिकारी (संचालन) का पदभार संभाला। वे नौसेना के अनुभवी अधिकारी हैं और नौवहन व दिशा के विशेषज्ञ माने जाते हैं। एडमिरल को 1 जुलाई 1993 को नौसेना में कमीशन मिला था। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला, डीएसएससी वेलिंगटन और नौसेना युद्ध महाविद्यालय, गोवा के पूर्व छात्र हैं। अपने करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण जहाजों और तटीय पदों पर काम किया है। वे आईएनएस गोमती और आईएनएस तरकश जैसे युद्धपोतों की कमान संभाल चुके हैं। डीएसएससी में उन्होंने निर्देशन स्टाफ का काम किया। नौसेना मुख्यालय में कमोडोर और पूर्वी नौसेना कमान में कमोडोर (संचालन) के रूप में सेवाएं दीं।

### हॉलीवुड सिंगर एकन की स्टेज पर खींची पैंट



**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिंगर एकन इस वक्त अपने इंडिया टूर को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। 14 नवंबर 2025 को एकन का बैंगलोर में कॉन्सर्ट था। लाइव परफॉर्मेंस के दौरान लोगों ने सिंगर की पैंट खींच दी जिसके बाद उनके चाहने वालों का पारा चढ़ गया। एकन एक हाथ से माइक पकड़कर गाना गा रहे थे और एक हाथ से अपनी पैंट संभाल रहे थे। वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद यूजर्स इसे हैरेसमेंट बताने लगे। एक यूजर ने कहा हि यह बहुत दुख की बात है। वे उन्हें स्टेज पर लाइव हैरेस कर रहे हैं।

# 20 से 22 तारीख तक.. बिहार को मिल सकती है नई सरकार

**बिहार में सरकार बनाने की हलचल तेज**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के बाद अब समय नई सरकार के गठन का है। इसके लिए पहले एनडीए के घटक दल अपनी बैठक करेंगे। जदयू की बैठक में सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेता चुन लिया जाएगा। इसके बाद बिहार भाजपा, चिराग पासवान की लोजपा रामविलास, जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक अपना नेता चुन लेंगे।

माना जा रहा है कि सोमवार की शाम इन बैठकों के बाद एनडीए के विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें सीएम नीतीश कुमार को सर्वसम्मति से नेता चुना जा सकता है। इसके बाद शपथ ग्रहण की तारीख और मंत्रियों के नाम भी तय किए जाएंगे। माना जा रहा है कि 20 से 22 नवंबर के बीच शपथ ग्रहण का दिन रखा जा सकता है। इस बार नीतीश पटना के गांधी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे जो उनकी 10वीं शपथ होगी।

**▶▶ आज एनडीए के विधायक दल की बैठक**

**▶▶ चुना जा सकता है विधायक दल का नेता**



नीतीश से मिले नित्यानंद

### शपथ ग्रहण में आएंगे करीब 5 हजार वीवीआईपी

पटना के गांधी मैदान में लगभग 5000 वीवीआईपी अतिथियों के बैठने के लिए एक विशेष खंड तैयार किया जा रहा है। इसमें सुरक्षा और सुविधाओं का खास ध्यान रखा जाएगा। नीतीश कुमार के इस शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नड्डा समेत सभी भाजपा और एनडीए शासित मुख्यमंत्री के साथ-साथ विपक्ष के कुछ बड़े चेहरे भी शामिल हो सकते हैं।

### आज इस्तीफा देकर नया दावा पेश करेंगे नीतीश

नीतीश कुमार ने आज सोमवार की सुबह कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने पर मुहर लग सकती है। इसके तुरंत बाद नीतीश कुमार राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे और इसके बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू होगी।

### भाजपा और जदयू की पहली बातचीत पूरी

बिहार में एनडीए की नई सरकार के गठन की कवायद अब सहमति मोड में पहुंच रही है। भाजपा और जेडीयू के बीच सरकार गठन को लेकर पहले दौर की बातचीत पूरी हो गई है। सूत्रों का कहना है कि मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी को लेकर करीब-करीब फॉर्मूला तय हो चुका है और चर्चा अगले पड़ाव की तरफ बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, 6 विधायक पर 1 मंत्री पद का फॉर्मूला लागू हो सकता है, जिसे लेकर दोनों दलों के बीच सहमति बनती दिख रही है। इसी खाका को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ जेडीयू ने बातचीत पूरी की है। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा आज पटना लौटेंगे। दिल्ली में हुई चर्चा के बाद वे सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे और सरकार गठन से जुड़े अहम मुद्दों पर आगे का रोडमैप रखेंगे। पटना पहुंचकर वे जेडीयू विधानमंडल दल की बैठक और एनडीए विधायक दल की बैठक को लेकर तैयारियों को भी आगे बढ़ाएंगे।

### ये महिला बनेंगी बिहार की डिप्टी सीएम!

बिहार में मंत्रिमंडल गठन का फॉर्मूला लगभग तय है। इस फॉर्मूले के आधार पर प्रति 7 विधायक पर एक या हर दल से एक मंत्री बनाए जाएंगे। बिहार में कोई कुल 30 से 32 मंत्री बनाने के संकेत मिल रहे हैं। विधायकों की संख्या देखते लोजपा रामविलास से 3, राष्ट्रीय लोकमोर्च और हिंदुस्तानी मोर्चा से एक एक मंत्री बनेंगे। डिप्टी सीएम की रेस में भाजपा के सम्राट चौधरी, रामकृपाल यादव और मंगल पांडे आगे हैं। साथ ही चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी(आर) को भी इस बार सरकार में जगह मिलने वाली है। सूत्र कह रहे हैं कि इस बार बिहार में डिप्टी सीएम किसी महिला विधायक को बनाया जाएगा।

**आरक्षण पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा**

# आर्थिक-सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए

***अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर***



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि वे अब भी इस विचार के पक्ष में हैं कि अनुसूचित जातियों (एससी) को मिलने वाले आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' यानी आर्थिक-सामाजिक रूप से आगे बढ़ चुके वर्ग को बाहर किया जाना चाहिए। एक कार्यक्रम 'इंडिया एंड द लिविंग इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन एट 75 इयर्स' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक आईएएस अफसर के बच्चे और गरीब किसान मजदूर के बच्चों को एक ही स्तर पर नहीं रखा जा सकता। उनका कहना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। सीजेआई गवई ने बताया कि उन्होंने अतीत में भी इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) मामले के आधार पर यही राय दी थी कि जैसे ओबीसी समुदाय में क्रीमी लेयर की पहचान की जाती है, वैसे ही यह व्यवस्था एससी समुदाय के लिए भी होनी चाहिए, भले ही इस विचार की काफी आलोचना हुई हो। उन्होंने मुस्कराकर कहा कि 'न्यायाधीशों को आम तौर पर अपने फैसलों का बचाव नहीं करना चाहिए और मेरे पास सेवानिवृत्ति तक सिर्फ एक हफ्ता ही बचा है। सीजेआई ने कहा कि देश में वर्षों के दौरान महिलाओं के शेष पेज 5 पर

### संविधान ने बदली लाखों की जिंदगी, मैं भी उदाहरण

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान की वजह से ही आज भारत में दो राष्ट्रपति अनुसूचित जाति से हुए हैं और वर्तमान राष्ट्रपति एक अनुसूचित जनजाति की महिला हैं। अपनी यात्रा याद करते हुए उन्होंने कहा, 'अर्ध-झुग्गी जैसे इलाके और नगरपालिका स्कूल में पढ़ने वाला एक बच्चा भी जब देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी तक पहुंच सकता है, तो यह संविधान की ही ताकत है।

**आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजा**

# दिल्ली की जज ने तड़के 3 बजे घर पर लगाई कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ गरीबों के लिए बने फ्लैटों को बेच डाला था

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट की एडिशनल सेशंस जज शेफाली बरनाला टंडन ने मनी लॉड्रिंग के एक आरोपी को ईडी की कस्टडी में भेजने के लिए शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे अपने घर पर अदालत लगाई। ओशन सेवन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर स्वराज सिंह यादव पर गुरुग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए बने फ्लैटों को अवैध रूप से कैश में बेचने का आरोप है। यादव के ठिकानों पर गुरुवार दिनभर चली ईडी की छापेमारी के बाद ईडी ने देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया। ईडी ने यह कदम पीएम आवास योजना के फ्लैटों की अवैध बिक्री से प्राप्त 222 करोड़ रुपए से अधिक के शेष पेज 5 पर

# पत्रकारिता के लिए ईमानदारी, सटीकता और सही जानकारी साझा करने की प्रतिबद्धता जरूरीः देसाई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने रविवार को कहा कि पत्रकारिता के लिए ईमानदारी, सटीकता और सही जानकारी साझा करने की प्रतिबद्धता जरूरी है, खासकर आज के दौर में जब गलत सूचना और तकनीक का दुरुपयोग बढ़ रहा है। प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा और उच्च पत्रकारिता मानकों को बनाए रखने की प्रेस काउंसिल



ऑफ इंडिया की दोहरी जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि निर्णय शक्ति, अंतरात्मा और जिम्मेदारी की वह भावना जो हर पत्रकार को दिशा देती है, उसे गलत सूचना के शेष पेज 5 पर

## पदयात्रा के बीच सीएम डॉ. मोहन यादव ने कई श्रद्धालुओं से भी बात की



**मुख्यमंत्री बाबा बागेश्वर की एकता पदयात्रा में हुए शामिल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकालकर अचानक बाबा बागेश्वर की हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री पदयात्रा में बाबा बागेश्वर के साथ चले। उन्होंने सड़क पर ही बैठकर बाबा बागेश्वर के साथ प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी बातचीत शेष पेज 5 पर

**यह बैठक अंतर-राज्य परिषद सचिवालय द्वारा हरियाणा सरकार की मेज़बानी में आयोजित की जा रही है**

# अमित शाह आज फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, सोमवार को फरीदाबाद, हरियाणा में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र शामिल हैं। भारत सरकार, राज्य सरकारों, और संघ राज्यक्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी भी परिषद की इस बैठक में भाग लेंगे। यह बैठक अंतर-राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार की मेज़बानी में आयोजित की जा रही है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15 से 22 के तहत उत्तरी क्षेत्रीय परिषद सहित 5 क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तरी क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष हैं और हरियाणा के मुख्यमंत्री इसके उपाध्यक्ष हैं। सदस्य राज्यों में से एक राज्य के मुख्यमंत्री, हर साल परिषद के उपाध्यक्ष होते हैं। इस क्षेत्रीय परिषद में उत्तरी क्षेत्र के प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री तथा दो वरिष्ठ मंत्री, और उत्तरी क्षेत्र के संघ राज्यक्षेत्रों के उप-राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं प्रशासक सदस्य हैं। क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है। राज्यों द्वारा प्रस्तावित मुद्दों को पहले क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें विचार के बाद शेष पेज 5 पर

**नारी शक्ति की उड़ान : पायलट प्रोजेक्ट पर सेना कर रही विचार**

# अब टेरिटोरियल आर्मी में भी शामिल हो सकेंगी महिलाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना महिलाओं के लिए एक और नया दरवाजा खोलने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, आर्मी ने टेरिटोरियल आर्मी की कुछ बटालियनों में महिला कैडर की भर्ती का प्रस्ताव विचार के लिए रखा है। शुरुआत एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी, यानी फिलहाल कुछ ही यूनिट्स में महिलाओं को जगह दी जाएगी। आगे चलकर, नतीजों और अनुभव के आधार पर दायरा बढ़ाया जा सकता है।

सरकार लंबे समय से सशस्त्र बलों में 'नारी शक्ति' पर जोर दे रही है। सेना भी अपने ढांचे में महिलाओं की भूमिका को धीरे-धीरे विस्तार दे रही है। मार्च 2022 में राज्यसभा में दिए एक लिखित जवाब में तत्कालीन रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया था कि महिलाओं की कॉम्बैट भूमिका को लेकर नीति लगातार समीक्षा में रहती है। आज महिलाएं सेना की 10 बड़ी शाखाओं, इंजीनियर्स, सिग्नल्स, एयर डिफेंस, एएससी, एओसी, ईएमई, आर्मी एविएशन, इंटेलिजेंस, जेएजी और एजुकेशन कॉर्प्स, शेष पेज 5 पर

### टेरिटोरियल आर्मी का वर्तमान स्वरूप

आज टेरिटोरियल आर्मी में करीब 50,000 जवान हैं। इनमें 65 विभागीय इकाइयां (जैसे रेलवे, आईओसी, ओएनजीसी) और कई गैर-विभागीय टेरिटोरियल आर्मी बटालियन शामिल हैं। इसमें इंफैंट्री, होम एंड हार्थ बटालियन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी इकोलॉजिकल बटालियन, एलओसी पर बाड़बंदी का रखरखाव करने वाली इंजीनियर रेजिमेंट शामिल हैं।



### क्या है टेरिटोरियल आर्मी?

टेरिटोरियल आर्मी को 18 अगस्त 1948 को कानून के तहत स्थापित किया गया था। बाद में भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने 9 अक्टूबर 1949 को इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसकी खासियत है, नागरिक सैनिक (सिटिजन सोल्जर) का विचार। यानी ऐसे नागरिक जिन्हें देश की सेवा का जुनून है, लेकिन जो नियमित सेना में शामिल होने की उम्र पार कर चुके हों, उन्हें वर्दी पहनने का मौका मिलता है।

## चालक का ध्यान भटकाकर नकदी चुराने के आरोप में दो पकड़े



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके एक रिश्तेदार को वाहन में खराबी का चालक का ध्यान भटकाकर उसके वाहन से कथित रूप से पांच लाख रुपये की नकदी से भरा बैग चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां 11 नवंबर को भलस्वा डेरी पुलिस थाने में मामला दर्ज होने के बाद की गईं। पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर को उसी थाने में इसी तरह की एक और घटना की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹पहली घटना में शिकायतकर्ता गुरुचरण दास ने पुलिस को बताया कि जीटी करनाल मार्ग पर पर लिबासपुर फ्लाईओवर के पास मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें रोका और दावा किया कि उनकी कार से धुआं निकल रहा है। जब वह गाड़ी से बाहर निकलकर जांच करने लगे, तो आरोपी कथित तौर पर पांच लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। एक अन्य वाहन चालक ने भी 13 नवंबर को इसी तरह की घटना में 25,000 रुपये खोने की सूचना दी। पुलिस ने जांच के दौरान लिबासपुर बस अड्डे के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की भी खंगाले। पुलिस ने बताया कि 13 नवंबर को पुलिस ने सागर उर्फ अविनाश और उसके 23 वर्षीय रिश्तेदार विशाल को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ कुल 4.76 लाख रुपये नगद बरामद किया गया है।

### पुलिस जांच में जुटी

# आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के पास महिला की हत्या



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के आदर्श नगर रेलवे स्टेशन के पास रविवार को एक महिला की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सब्जी मंडी इलाके में तैनात राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक जवान ने फोन कर सूचना दी कि लगभग 40-45 वर्षीया महिला का शव स्टेशन परिसर के पास झाड़ियों में पड़ा मिला है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि महिला के कपड़े फटे हुए थे और उसके चेहरे व सिर पर चोट के गहरे निशान थे। ऐसा प्रतीत होता है कि वह कूड़ा बीनने का काम करती थी या लावारिस थी। अधिकारी ने कहा कि चोटें किसी धारदार हथियार से किए गए हमले का संकेत देती हैं। उसके मुंह के पास भी खून के निशान पाए गए। महिला का शव स्टेशन परिसर के पीछे घनी झाड़ियों में मिला। घटनास्थल से महिलाओं की एक जोड़ी चप्पलें, पुरुषों की एक जोड़ी चप्पलें और कुछ अन्य सामान बरामद हुआ है। अधिकारियों का मानना है कि इनमें से कुछ वस्तुएं अपराध में इस्तेमाल की गई हो सकती हैं।

अधिकारी ने बताया कि महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उसके परिजनों या परिचितों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने मौके से सबूत एकत्र किए हैं और घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। घटना से पहले महिला की गतिविधियों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। महेंद्र पार्क थाने में हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और इसे सुलझाने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

### 70 लाख रुपये किए जब्त

## कोकीन तस्करी मामले में ईडी ने 100 से अधिक फर्जी खातों पर लगाई रोक




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली में कथित मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धनशोधन के मामले में तलाशी के दौरान 110 बैंक खातों पर रोक लगाई, 70 लाख रुपये जब्त किए और दुबई स्थित क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट का इस्तेमाल होने का पता लगाया। एक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। फर्जी बैंक खातों का उपयोग अवैध धनराशि के हस्तांतरण के लिए किया जाता है तथा इन खातों को वास्तविक ग्राहक आईडी का दुरुपयोग करके या नकली ग्राहक आईडी का उपयोग करके खोला जाता है। संघीय जांच एजेंसी ने नवंबर 2024 में 82.53 किलो ग्राम उच्च श्रेणी की कोकीन की जब्ती से संबंधित स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की शिकायत का संज्ञान लेने के बाद 14 नवंबर को छापे मारे। ईडी ने दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में पांच परिसरों की तलाशी ली।

एनसीबी ने जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 900 करोड़ रुपये आंकी थी और केंद्रीय मादक पदार्थ निरोधक एजेंसी ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि छापेमारी से पता चला कि मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। बयान में कहा गया कि इस अभियान के दौरान 110 बैंक खातों पर रोक लगाई गई जिनमें से 73 खाते यूपीआई आईडी और डिजिटल वॉलेट से जुड़े थे, जिनका सट्टेबाजी से संबंधित लेनदेन के लिए सक्रिय रूप से उपयोग किया जा रहा था।

# हत्या मामले में आरोप साबित नहीं होने पर युवक बरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2019 के हत्या के एक मामले में आरोपी को आरोप साबित नहीं होने के आधार पर बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को सच हो सकता है से सच ही है तक ले जाने में विफल रहा, जो कि आरोपी को दोषी ठहराने के लिए आवश्यक था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भूपिंदर सिंह आरोपी विशाल के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रहे थे जिस पर 12 अगस्त 2019 को करोल बाग के एक पार्क में वीरेंद्र को चाकू मारने का आरोप है। अदालत की ओर से 11 नवंबर को जारी आदेश में कहा गया कि इस अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि अभियोजन पक्ष द्वारा जिन परिस्थितियों पर भरोसा किया गया है वे पूरी तरह से स्थापित नहीं हुई हैं और वे निर्णायक नहीं हैं। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष परिस्थितिजन्य साक्ष्य की श्रृंखला को साबित नहीं कर सका।

इसमें यह भी कहा गया कि घटना एक भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक क्षेत्र (पार्क) में हुई, लेकिन अभियोजन पक्ष ने एक भी गवाह से पूछताछ नहीं की। इसमें कहा गया कि अभियोजन पक्ष द्वारा गवाहों से पूछताछ न करना तथा इसके पीछे का कारण स्पष्ट न करना, जांच की निष्पक्षता" और पारदर्शिता पर गंभीर संदेह पैदा करता है। देश बंधु गुप्ता रोड पुलिस थाने में विशाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या के लिए सजा) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### अदालत ने वर्ष 2021 के हत्या की कोशिश मामले में तीन लोगों को किया बरी

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2021 के हत्या की कोशिश के एक मामले में आरोपी तीन लोगों को बरी करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे उनका अपराध साबित करने में विफल रहा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भूपिंदर सिंह ने इस मामले में संजय कुमार, चेतन और रिंकू को बरी करने का आदेश दिया। इन तीनों पर तन्मय सिंह नामक व्यक्ति की हत्या की कोशिश का आरोप था। अदालत ने 12 नवंबर के अपने आदेश में कहा, ''घायलों सहित सार्वजनिक गवाहों के प्रतिकूल बयानों को देखते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत अपराध के लिए आरोपियों के खिलाफ एक भी सबूत रिकॉर्ड पर नहीं आया है।'' अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा, ''मुझे यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि अभियोजन पक्ष सभी उचित संदेहों से परे अभियुक्तों का अपराध साबित करने में विफल रहा है।'' अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष घटना और शिकायतकर्ता को लगी चोटों की प्रकृति को साबित करने में विफल रहा। अभियोजन पक्ष के अनुसार तीनों आरोपियों ने 13 अगस्त, 2021 को आपस में हुए विवाद के बाद तन्मय सिंह पर हमला किया था। आरोप है कि संजय कुमार ने तन्मय को बुलाया और उस पर चाकू से कई वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। इस संबंध में वजीराबाद पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# पारदी गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार 60 से अधिक मामलों में थे वांछित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कुख्यात पारदी गिरोह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है जो मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में दर्ज 60 से अधिक मामलों में वांछित थे। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों - अरुण पारदी (37) और तेगा पारदी (40) पर मध्य प्रदेश पुलिस ने 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। तेगा 2024 में भी पुलिस हिरासत से कथित तौर पर फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा की एक टीम ने हाल के दिनों में नेब सराय, हौज खास और मालवीय नगर में रात के समय चोरी की घटनाओं में वृद्धि के बाद यह अभियान शुरू किया था, जिसमें पारदी गिरोह की संलिप्तता का संदेह था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि दोनों अपराधी 14 नवंबर को अपने एक साथी से मिलने द्वारका के शाहाबाद रेलवे स्टेशन के पास आएंगे। टीम ने जाल बिछाया और दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने कथित तौर पर खुलासा किया कि वे एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का हिस्सा हैं जो पारंपरिक रूप से घरों में चोरी, डकैती और लूटपाट की घटनाओं में शामिल रहा है। यह गिरोह परिवारों के समूहों में घूमता है, रेलवे स्टेशनों के पास सड़क किनारे अस्थायी ठिकाने बनाता है और बाजारों में खिलौने और गुब्बारे जैसी छोटी-मोटी चीजें बेचते हुए जासूसी करता है। अधिकारी ने बताया कि रात में वे कथित तौर पर गुलेल और पत्थरों से लैस होकर घरों में घुस जाते हैं और अक्सर विरोध होने पर निवासियों के सिर पर हमला कर देते हैं। अपराध करने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए वे तुरंत दूसरे शहर में चले जाते हैं। अरुण और तेगा दोनों का व्यापक आपराधिक रिकॉर्ड है, जिसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के कई जिलों में हत्या, हत्या के प्रयास, सशस्त्र डकैती और चोरी के मामले दर्ज हैं। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दोनों को मध्य प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया है।

# 30 लाख रुपये की हेरोइन सहित दो अरेस्ट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 30 लाख रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान 282 ग्राम हेरोइन जब्त की गई, जिसमें फिरोज (22) और उसके सहयोगी सोमपाल (26) को दिल्ली और उत्तर प्रदेश में अलग-अलग छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार नवंबर को कथित हेरोइन आपूर्तिकर्ता फिरोज के बारे में सूचना मिली थी, जो शास्त्री पार्क में हेरोइन की खेप पहुंचाने के लिए आया था। अधिकारी ने बताया कि सूचना के आधार पर छापेमारी दल ने फिरोज को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसकी मोटरसाइकिल तथा उसके पास से 262 ग्राम हेरोइन जब्त कर ली। पूछताछ के दौरान फिरोज ने खुलासा किया कि वह उत्तर प्रदेश के आपूर्तिकर्ताओं से हेरोइन खरीदता था और उसे दिल्ली में रिसीवर्स तक पहुंचाता था। उसने अपने साथी सोमपाल की पहचान भी बताई, जो बरेली से नशीला पदार्थ लेकर आता था। अधिकारी ने बताया कि सुराग मिलने पर पुलिस ने आठ नवंबर को सोमपाल को बरेली से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस ने बताया कि आपूर्ति श्रृंखला के शेष सदस्यों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच जारी है।

# 49 लाख रुपये के डिजिटल धोखाधड़ी मामले में लखनऊ से छह गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक बड़े ऑनलाइन जबरन वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए इसके छह प्रमुख गुर्गों को लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई 71 वर्षीय एक महिला की शिकायत पर जांच के दौरान की गई। महिला से कथित तौर पर 49 लाख रुपये की ठगी की गई। कुछ लोगों ने खुद को कानून प्रवर्तन कर्मी बताकर उसे करीब 24 घंटे तक डिजिटल रूप से बंधक बनाकर रखा। पुलिस के अनुसार, धोखेबाजों ने पीड़िता को फोन करके बताया कि वह एक आपराधिक मामले में शामिल है और लगातार वीडियो कॉल के जरिए उसे धमकाया। लगातार दबाव ने उसे तोड़ दिया और उसने सिंडिकेट द्वारा नियंत्रित कई बैंक खातों में रकम भेजी।

जांच के सिलसिले में, क्राइम ब्रांच की एक टीम ने लखनऊ के अमीनाबाद, हसनगंज, मदेयगंज और सदर कैंट इलाकों में छापेमारी की, जिसके बाद गिरफ्तारियां हुईं। अधिकारी ने बताया कि छह लोगों की पहचान विशाल तिवारी (19) और शकील अहमद (53) तथा मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद अहद, मोहम्मद आतिफ और मोहम्मद उज्जैब के रूप में हुई है। इन चारों की उम्र 25 वर्ष है। अधिकारी ने कहा, ₹गिरफ्तार किए गए लोग आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से थे और उन्हें धन शोधन में मदद के लिए 'म्यूल खाता' संचालक के रूप में भर्ती किया गया था। उनमें से कई स्थानीय दुकानों, होटलों और छोटे-मोटे कामों में काम करते थे, जबकि एक अन्य आपराधिक मामले में मुकदमे का सामना कर रहा था।₹ 'म्यूल खाते' ऐसे बैंक खाते होते हैं जिनका इस्तेमाल जालसाज अपराध से मिले पैसे को ठिकाने लगाने के लिए करते हैं। इन खातों का इस्तेमाल अपराधी अवैध रूप से कमाए गए पैसे को लेने, अंतरित करने या छिपाने के लिए करते हैं। जांच के दौरान, टीम को पता चला कि गिरोह ने धोखाधड़ी की गई धनराशि को स्थानांतरित करने के लिए कई बैंक खातों का इस्तेमाल किया। पीड़ित द्वारा धनराशि भेजे जाने के बाद, उसे तुरंत अन्य खातों में भेज दिया जाता था और एटीएम से निकाल लिया जाता था। अधिकारी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है जो एक नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के मामले में तीन साल से अधिक समय से फरार था। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, 28 जून 2022 को 13 वर्षीय लड़की के लापता होने के बाद भरत नगर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 49 वर्षीय आरोपी ने उसका अपहरण किया और उसका यौन उत्पीड़न किया। बाद में बलात्कार, आपराधिक धमकी और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधान भी प्राथमिकी में जोड़े गए। अधिकारी ने बताया कि आरोपी तब से गिरफ्तारी से बच रहा था और दिल्ली की एक अदालत ने 15 दिसंबर, 2022 को उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था। अधिकारी ने कहा, ₹कई प्रयासों के बावजूद, पुलिस आरोपी का पता लगाने में नाकाम रही, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। हाल ही में एक गुप्त सूचना के जरिए पुलिस को सफलता मिली, जिसके बाद शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।₹ पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले हरियाणा और दिल्ली के बीच अवैध शराब की तस्करी में शामिल था। उसने बताया कि इससे पहले उसने डाबरी में एक कपड़ों की दुकान खोली थी जो बाद में बंद हो गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर पहले शस्त्र अधिनियम और आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था और वह टैक्सी ड्राइवर के तौर पर भी काम कर चुका है तथा 2022 से चार बार ठिकाने बदल चुका है।

### 34 लावारिस वाहन जब्त

# पुलिस ने मध्य दिल्ली में आतंकवाद रोधी सुरक्षा उपाय बढ़ाए





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक हुए धमाके के बाद, मध्य जिले में आतंकवाद रोधी उपायों के तहत व्यापक सत्यापन अभियान चलाए जा रहे हैं, नाकों पर जांच बढ़ाई जा रही है और संवेदनशील स्थानों पर सशस्त्र तैनाती को मजबूत किया जा रहा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, ''शनिवार रात को विशेष अभियान के दौरान टीम ने 34 लावारिस वाहन जब्त किए, जबकि पांच घंटे के जांच अभियान में दिल्ली पुलिस अधिनियम के तहत 417 चालान जारी किए गए।'' उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाए जाने की कार्रवाई विस्फोट के बाद लागू की गई व्यापक रणनीति का हिस्सा है। अधिकारी ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त (सेंट्रल रेंज) मधुर वर्मा, जिला पुलिस उपयुक्त, एसीपी, एसएचओ और विशेष इकाइयां, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए), आरडब्ल्यूए, दुकानदारों और विक्रेताओं के साथ लगातार समन्वय बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस टीम अभियान तत्परता का परीक्षण करने के लिए क्षेत्र में नियंत्रण अभ्यास, औचक निरीक्षण और मॉक ड्रिल कर रही हैं। भीड़-भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सशस्त्र कर्मियों को तैनात किया गया है।'अधिकारी ने बताया कि होटल,अतिथि गृह, साइबर कैफे, मॉल, सिनेमाघर, रसायन की दुकानों, सिम कार्ड विक्रेताओं और व्यावसायिक केंद्रों पर सत्यापन अभियान तेज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्वों के किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए किरायेदारों, घरेलू सहायकों, मजदूरों और सुरक्षा गार्डों का सत्यापन भी तेज कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि हाई अलर्ट के तहत शनिवार शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक पूरे जिले में कड़ी नाकेबंदी की गई। पुलिस ने कई नाकों पर 683 वाहनों की जांच की और इस दौरान 24 अजनबियों का सत्यापन किया।

## आम आदमी पार्टी और भाजपा के झूठे वादों से परेशान दिल्ली देख रही है कांग्रेस की ओरः यादव

हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली



निगम उपचुनाव को लेकर एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दावा किया है कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के खोखले और झूठे वादों से निराश दिल्ली की जनता अब विश्वास भरी आँखों से पार्टी की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की सत्ता में दिल्ली की अनधिकृत, पुनर्वास और जे.जे. कॉलोनियों में जिस कदर बदहाली और गंदगी फैली है, उससे इन झूठी, मक्कार, धोखेबाज और मौकापरस्त पार्टियों का असली चेहरा उजागर हो चुका है। दिल्ली में पिछले 12 वर्षों से निगम और दिल्ली की सत्ता पर भाजपा और आम आदमी पार्टी की सत्ता में रही और विकास को ठप करके रख दिया। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के लोगों का वोट लेकर सिर्फ धोखा ही दिया है। यादव रविवार को संगम विहार-ए वार्ड 163 से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश चौधरी के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गत विधानसभा चुनावों की तरह निगम उपचुनावों में भी लोगों से वादा खिलाफी करके वोट मांग रही है। लेकिन दिल्ली की जनता अब इनकी वादाखिलाफी को पहचान चुकी है। क्योंकि आम आदमी पार्टी हो या भाजपा दोनों ने लोगों को सिर्फ धोखा ही दिया है। करीब 12 वर्ष आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के गरीब झुग्गीवालों को बसाने की बजाए उजाड़ने का कार्य किया। वही कार्य अब पिछले 9 महीनों से भाजपा की रेखा सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि संगम विहार की जनता पहले आम आदमी पार्टी और अब भाजपा का दोहरा दंश झेल रही है। यहां जे.जे. कलस्टर, पुनर्वास और अनाधिकृत कालोनियों में रहने वाले लोग गंदगी, टूटी सड़कें और नालियों के बीच रहने को मजबूर है।

### नजफगढ़ क्षेत्र में त्रिदेव सम्मेलन में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

# गांव-देहात के लिए ऐतिहासिक स्तर पर किए जा रहे विकास कार्य : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गांव-देहात के लिए ऐतिहासिक स्तर पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। दिल्ली देहात के नजफगढ़ क्षेत्र में त्रिदेव सम्मेलन में शामिल हुईं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिचाऊं कलां वार्ड- 128 से भाजपा प्रत्याशी रेखा रानी को जिताने की अपील करते हुए यह संबोधन दिया। मुख्यमंत्री ने त्रिदेवों, पेज प्रमुख, बूथ प्रमुख और शक्तिकेंद्र संयोजकों को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि इन्हीं कार्यकर्ताओं की वर्षों की निष्ठा और मेहनत ने नजफगढ़, किराड़ी क्षेत्र में विकास की गति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत, विधायक अभय वर्मा और दिचाऊं कलां वार्ड- 128 से भाजपा प्रत्याशी रेखा रानी सहित बड़ी संख्या में सम्मानित नागरिक, पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा के अनुसार सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने अपनी सांसद और विधायक को भारी बहुमत से जीत दिलाई है। अब समय है कि उससे भी ज़्यादा मजबूती से अपनी वार्ड प्रत्याशी को जिताकर यह संदेश दें कि नजफगढ़ विकास की राह पर एकजुट है। मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने गांवों और कॉलोनियों के विकास को प्राथमिकता देते हुए सभी सांसद और विधायकों को पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया है, जिसके परिणामस्वरूप नालों, सड़कों, सीवर और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण परियोजनाओं में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि किराड़ी-नजफगढ़ क्षेत्र में 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत की प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जो लंबे समय से लंबित समस्याओं को दूर करने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी।




#### पिछली सरकारों ने देहात की समस्याओं पर नहीं दिखाई कोई रुचि

मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों को वर्षों तक उपेक्षा का सामना करना पड़ा। जहां कुछ क्षेत्रों में जलभराव और टूटी सड़कों की समस्या भयावह स्तर पर थी, वहीं कई इलाकों में सीवर लाइन, पाइपलाइन और नाले तक उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने गांव-देहात की समस्याओं को समझने और समाधान देने में कोई रुचि नहीं दिखाई। मुख्यमंत्री के अनुसार हमारी सरकार ने पहली बार गांव-देहात की वास्तविक समस्याओं को समझकर व्यापक स्तर पर काम शुरू किया है। यहां 200-250 करोड़ रुपये तक की परियोजनाएं सिर्फ इसलिए लाई गई हैं कि क्षेत्र की एक-एक समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

#### दिल्ली सरकार क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी काम के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने बिना किसी व्यक्तिगत लाभ की इच्छा के, केवल सेवा भाव से काम किया है और आगे भी यही भावना विकास को गति देगी। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की ओर से भी दिल्ली के विकास कार्यों के लिए पूरा सहयोग लगातार मिल रहा है। केंद्र और राज्य के इस समन्वित प्रयास से दिल्ली में विकास की गति अभूतपूर्व रूप से तेज हुई है और आने वाले वर्षों में इसकी झलक हर कॉलोनी, हर गांव और हर घर तक महसूस की जा सकेगी।

## 'सड़क सुरक्षा सिर्फ नियमों का पालन नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का है संकल्प'

**नई दिल्ली।** सड़क सुरक्षा सिर्फ नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है और सड़क हादसों के सबसे बड़े कारण नशा और लापरवाही, इन्हें रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को रोड सेफ्टी रन के मंच से उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को खेल और रन इवेंट के साथ जोड़ना एक अत्यंत सार्थक पहल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल क्षेत्र के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा द्वारा की गई है, जिन्होंने खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा के संदेश को समाज तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम चुना है। उन्होंने कहा कि खेल और सड़क सुरक्षा के सिद्धांत कई मामलों में एक समान हैं, चाहे वह ध्यान केंद्रित करना हो, अनुशासन का पालन करना हो, नशे से दूरी बनाना हो या निर्धारित लेन का सही तरीके से उपयोग करना। मुख्यमंत्री ने देश में हाल ही में मिली खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेल और खिलाड़ियों को दिया जाने वाला प्रोत्साहन पूरे राष्ट्र को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे खेल में एक खिलाड़ी को पूर्ण एकाग्रता, कौशल और अपनी लेन में रहकर खेलना आवश्यक होता है, वैसे ही सड़क पर वाहन चलाते समय भी ध्यान भटकने, मोबाइल फोन के उपयोग या नियमों की अवहेलना से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग में नशे का सेवन प्रतिबंधित है और यही नियम खेल में भी लागू होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना, टीम स्पिरिट और अनुशासन केवल खेल के लिए ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा और देश की प्रगति के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि युवाओं की यह भागीदारी सुरक्षित और विकसित दिल्ली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समाज में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित दिल्ली ही विकसित दिल्ली का आधार है, और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे अभियानों से समाज में सुरक्षित यातायात के प्रति स्पष्ट और दीर्घकालिक चेतना विकसित होगी।



■ पूर्वी दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित सांसद खेल महोत्सव-रन फॉर रोड सेफ्टी में बोलीं मुख्यमंत्री

# 'पत्रकारिता मात्र एक पेशा नहीं बल्कि है एक उच्चतम लोकसेवा'

नई दिल्ली। पत्रकारिता मात्र एक पेशा नहीं, बल्कि एक उच्चतम लोकसेवा है जो साहस, निष्ठा, निरंतरता और मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की अपेक्षा करती है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी पत्रकारों, मीडिया कर्मियों और प्रेस जगत से जुड़े साथियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सूचना के युग में पत्रकार दिन-रात प्रयास कर समाज तक सटीक, संतुलित और विश्वसनीय जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं और यही समर्पण लोकतंत्र को जीवंत और जन-केंद्रित बनाता है। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि स्वतंत्र, निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता किसी भी लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला है। मीडिया समाज की आवाज़ बनकर जनहित के मुद्दों को सामने लाने, शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को जवाबदेह बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि आज के समय में दुष्प्रचार, अफवाह और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार एक गंभीर चुनौती बन चुका है। ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि सूचनाओं की तथ्यात्मक सत्यता पर विशेष ध्यान देते हुए पत्रकारिता की सर्वोच्च मान्यताओं को आगे बढ़ाया जाए और समाज को सही, स्पष्ट और भरोसेमंद दिशा प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एक सशक्त, जागरूक और संवादशील समाज के निर्माण में मीडिया की भूमिका अद्वितीय है। पत्रकारिता लोकतंत्र की वह शक्ति है जो जनभावनाओं को दिशा देती है और शासन तथा समाज के बीच एक सार्थक सेतु की भूमिका अदा करती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मीडिया जगत भविष्य में भी इसी समर्पण, संवेदनशीलता और पेशेवर निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता रहेगा।




■ राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी शुभकामनाएं

# रेजांगला युद्ध के वीर शहीदों की यात्रा गौरवपूर्ण : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रेजांगला युद्ध के वीर शहीदों के सम्मान में निकली पवित्र रज कलश यात्रा का रविवार को हैदरपुर पहुंचना अपने आप में एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। यह पवित्र यात्रा पूरे देश को 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से जोड़ने वाला एक सशक्त संदेश है। हैदरपुर गाँव की यह धरती स्वयं को धन्य मान रही है कि वीर शहीदों की पवित्र स्मृति यहां पहुंची है। वहीं, जंतर मंतर पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा ने यादव शौर्य दिवस मनाया। यहां महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने बताया कि 1962 भारत-चीन रेजांगला युद्ध 114 वीर अहीर जवानों के शौर्य पराक्रम, शहादत व बलिदान के सम्मान में भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट निर्माण, सम्मान समारोह व यादव शौर्य दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि हमारी सरकार इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा और स्थानीय पहचान को स्पष्ट करने के लिए क्यू यू ब्लॉक में प्रस्तावित उत्तरी पीतमपुरा स्टेशन का नाम अब "उत्तरी पीतमपुरा- प्रशांत विहार मेट्रो स्टेशन" होगा। प्रस्तावित पीतमपुरा नॉर्थ मेट्रो स्टेशन का नाम "हैदरपुर गांव मेट्रो स्टेशन" किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन का नाम "मधुबन चौक मेट्रो स्टेशन" होगा। मैक्स अस्पताल मार्ग के चौड़ीकरण और अंडरपास निर्माण का कार्य भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुगम और सुरक्षित यातायात सुविधा प्राप्त होगी। हैदरपुर गांव विकसित दिल्ली की उस नई पहचान का प्रतीक बन रहा है, जहां परंपरा को सम्मान और आधुनिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।



# एलजी की पहल पर डीडीए ने स्थापित किए तीन मूवेबल बास्केटबॉल हुप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की पहल पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने असिता, बांसेरा और महरौली पुरातत्व पार्क में गेंदों के एक सेट के साथ मूवेबल बास्केटबॉल हुप्स स्थापित कर दिए। इन बास्केटबॉल हुप्स के लगने से खेल कूद वाले बच्चों के साथ साथ बड़ों को भी काफी फायदा होगा। एलजी के दिशा निर्देश पर शुरू की गई यह नई पहल लोगों को पसंद भी आएगी। इस बारे में जानकारी अनुसार कुछ दिन पहले एलजी ने डीडीए के लोकप्रिय मनोरंजन पार्कों में खेलों से संबंधित कुछ नया करने अथवा लगाने को लेकर फैसला किया था। जिसके बाद डीडीए ने एलजी के दिशा निर्देश पर आखिरकार असिता, बांसेरा और महरौली पुरातत्व पार्क में बास्केटबॉल हुप्स स्थापित कर दिए। इस बारे में एलजी सक्सेना का कहना है कि यह खुशी की बात है कि उत्साही लोगों ने इस सुविधा का उपयोग शुरू कर दिया है। एलजी ने कहा कि मैं आगंतुकों से आग्रह करता हूँ कि वे न केवल इन पार्कों के प्राचीन वातावरण का आनंद लें, बल्कि एली-ओप, फ्री थ्रो और एयरबॉल का भी आनंद लें। उन्होंने कहा कि डीडीए दिल्ली के लोगों के लिए मनोरंजन और फिटनेस को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहा है। जानकारी अनुसार यह बास्केटबॉल हुप्स परंपरागत तरीके की बजाए नए तरीके से बनाए गए है। इन नए बास्केटबॉल हुप्स को आप बड़ी आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकते है। जबकि पुराने तरीके के बास्केटबॉल हुप्स को जमीन में स्थायी रूप से पक्का करके बनाया जाता था, जिससे उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना संभव नहीं था। लेकिन इस नई मूवेबल तकनीक से बास्केटबॉल हुप्स को बड़ी आसानी से इधर उधर किया जा सकता है।



## डीएमआरसी ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के बंद दोनों गेट भी खोले, यात्रियों ने कहा धन्यवाद

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के दोनों बंद गेट भी खोल दिए है। डीएमआरसी ने अपने रविवार की सुबह इस बारे में बाकायदा अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर लोगों को जानकारी दी कि लाल किला मेट्रो स्टेशन के बंद गेट नंबर 1 और 4 को भी यात्रियों के लिए खोल दिया गया है। जबकि इससे एक दिन पहले शनिवार को ही डीएमआरसी ने लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 2 और 3 को यात्रियों के लिए खोल दिया था। अब इस स्टेशन के चारों गेट खुल गए है जिसको लेकर यात्रियों ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर डीएमआरसी का धन्यवाद किया है। बता दें कि बता दें कि 10 नवंबर 2025 को हुए बम धमाके के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन के तुरंत बाद गेट नंबर 1 और 4 बंद कर दिए गए थे। बाद सुरक्षा कारणों से 13 नवंबर 2025 को डीएमआरसी ने घोषणा की कि सुरक्षा कारणों से अगले आदेश तक लाल किला मेट्रो स्टेशन यात्रियों के लिए बंद कर दिया गया है। जिसके बाद शनिवार को गेट 2 और 3 को यात्रियों के लिए खोल दिया था। जबकि गेट नंबर 1 और 4 को रविवार को खोल दिया गया है।

## लाल किला हादसा : सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर मंतर पर यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट ने सभी सरकारी मुस्लिम डॉक्टर, प्रोफेसर और इंजीनियरों को तत्काल बर्खास्त कर उनकी आतंकवादी मामलों की संलिप्तता में सीबीआई जांच की मांग को लेकर रविवार को धरना-प्रदर्शन किया। यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने बताया कि धरने में आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए गए और इस संदर्भ में भारत के प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। उन्होंने कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी से पिछले 10 सालों में करीब 400 डॉक्टर बनाये गए वो सारे के सारे आतंकियों की सरगना डॉक्टर शाहीन के संपर्क में हैं उनकी भी जांच होनी चाहिए। हमारा मानना है कि उन सभी आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट की माध्यम से फांसी की सजा दिलवाकर लाल किले की सामने खुले में फांसी दी जाए। देश की सुरक्षा के लिए यह अत्यंत संवेदनशील विषय है। आतंकवाद का यह नया स्वरूप जहां उच्च शिक्षा प्राप्त पेशेवर और तकनीकी विश्वविद्यालय शामिल हों राष्ट्र के भविष्य के लिए अत्यंत खतरनाक हो सकता है।

# निगम शिक्षक मारपीट मामले में कोर्ट ने दिए पुलिस कर्मियों पर प्राथमिकी के आदेश : शिक्षक मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के एक शिक्षक से मारपीट मामले में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश जारी किए है। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली नगर निगम के शिक्षक ऋषि कुमार के साथ पिछले दिनों नरेला के दो पुलिसकर्मियों द्वारा घर में घुसकर द्वेषपूर्ण अभद्र व्यवहार और अपमानित कर शिक्षक सम्मान और गरिमा को धूमिल करने की घटना को अंजाम दिया गया गया था जिसके विरोध में शिक्षक संगठन शिक्षक न्याय मंच नगर निगम ने क्षेत्रीय डीसीपी से मिलकर विरोध जताया था और पुलिस कर्मियों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की थी। वहीं, शिक्षक ऋषि कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है, पुलिस कर्मियों पर जब तक कार्यवाही नहीं होती है तब तक वे न्याय के लिए लड़ते रहेंगे। शिक्षक न्याय मंच ने बताया कि हालांकि इस पर दिल्ली पुलिस द्वारा अपने पुलिसकर्मियों के बचाव में मीडिया में गलत खबर प्रचारित कर इस मामले को अलग रंग देने जाने का प्रयास किया था। डीसीसी से शिकायत करने पर उन्हें लाइन हाजिर करने के आदेश जारी हुए थे पर उन पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गई तब निगम शिक्षक ऋषि कुमार द्वारा कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया जिस पर कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पुलिस कर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज करने आदेश दिए हैं।

#### तथ्यों के आधार पर उठा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

शिक्षक न्याय मंच के अनुसार पीड़ित ऋषि कुमार द्वारा दायर याचिका में और दिए गए तथ्यों के आधार पर पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठा है कि किस प्रकार द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए पुलिस कर्मी घर में घुसकर बिना किसी आधार के मामले पर घर से घसीटकर मारपीट करते हुए शिक्षक को हॉस्पिटल और फिर थाने ले गए जहां रास्ते में शिक्षक को एनकाउंटर करने की धमकी देकर डराया गया और सारी रात थाने में जबरन बिठाया गया और उससे मारपीट की गई। यह मामला अति गंभीर है जिसमें खुद पुलिस ही रक्षक की जगह भक्षक बनकर शिक्षकों के सम्मान को रौंदती नजर आई जिससे सारे शिक्षक समाज में रोष व्याप्त हो गया था।

#### कानून और संविधान से बड़ा कोई नहीं

शिक्षक न्याय मंच नगर निगम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने बताया कि शिक्षकों के साथ अभद्रता करने वाला चाहे कोई भी हो कितनी भी बड़ी पहुंच वाला हो वह कानून से बड़ा नहीं हो सकता। संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा का अधिकार दिया हुआ है और इसका उल्लंघन करने वाला दंडित किया जाएगा।

### एक्यूआई 400 पार गंभीर श्रेणी में हुआ दर्ज

# प्रदूषण की मोटी चादर से ढकी राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वीकेंड की सुबह लोगों को राहत देने की बजाए प्रदूषण की मार देने वाली रही। रविवार सुबह दिल्ली के आसमान पर प्रदूषण की मोटी चादर बिछी दिखाई दी जिससे लोगों के दिन की शुरुआत हुई। दिल्ली के 30 से अधिक मॉनिटरिंग स्टेशनों में ज्यादातर एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 405 दर्ज किया गया जो गंभीर स्तर में माना जाता है। सुबह के समय दिल्ली में हालात इतने खराब रहे कि राजधानी का औसत एक्यूआई 385 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में रहा। हवा में प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक हो चुका है और इससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। दिल्ली की सुबह भी आम दिनों की तुलना में कुछ अधिक ठंडी और कई इलाकों में घने धुएं की एक परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, राजघाट और आईटीओ की स्थिति और भी खराब रही, यहां एक्यूआई 417 दर्ज किया गया। जबकि आनंद विहार, अलीपुर और अशोक विहार में एक्यूआई का स्तर 400-415 के बीच रहा। चांदनी चौक में एक्यूआई 420, द्वारका में 378, धौला कुआं 338 दर्ज किया गया। लगातार बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कई दिनों से दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) तीन लागू कर रखा है। बावजूद इसके दिल्ली वालों को प्रदूषण से कोई राहत मिलती नजर नहीं आई है। ग्रेप तीन में खास तौर पर निर्माण, चुनिंदा वाहनों की आवाजाही और औद्योगिक गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध लगे है। इनमें अधिकांश गैर-ज़रूरी निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध, बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार के डीजल वाले चार पहिया वाहनों पर दिल्ली प्रवेश पर प्रतिबंध लगा है। इनके अलावा गैर-स्वच्छ ईंधन पर निर्भर औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिबंध तथा गैर-आपातकालीन डीजल जनरेटर सेट पर भी प्रतिबंध शामिल हैं।



#### पारा और लुढ़का, न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे हुआ दर्ज

नई दिल्ली। लगातार दूसरे दिन वीकेंड पर दिल्ली में न्यूनतम पारा 9 सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.5 डिग्री नीचे है। जिसके चलते दिल्ली की सुबह बेहद सर्द और हलके कोहरे वाली दर्ज हुई। हालांकि बाद में दिन चढ़ने के साथ आसमान साफ हुआ और खिली खिली धूप देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को सफदरजंग वेधशाला ने न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान है। जबकि शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं पालम में 10 डिग्री , लोधी रोड में 9.2 डिग्री ,रिज एरिया में 9.7 डिग्री और आया नगर में न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि सोमवार को न्यूनतम तापमान में एक अंक की ओर गिरावट दर्ज हो सकती है। जबकि इसके बाद मामूली बढ़त देखने को मिलेगी। यही हाल अधिकतम तापमान में भी देखने को मिल सकता है। आईएमडी ने फिलहाल दिल्ली में बारिश की गतिविधि से इंकार करते हुए कहा कि आसमान साफ रहेगा। सुबह के समय खासकर बाहरी क्षेत्रों में कोहरा घना हो सकता है जबकि दिल्ली के अंदरूनी हिस्सों में हल्की धुंध देखने को मिल सकती है। बीच बीच में आंशिक रूप से बादलों को देखा जा सकता है। लेकिन अभी बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है।

## पुर्तगाल से भारत आए महामंडलेश्वर दविंद्र स्वामी ने भक्तों पर की ज्ञानपूर्ण अमृत वर्षा

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल लिस्बन से भारत पधारे अंतर्राष्ट्रीय सूर्यवंशी अखाड़ा परिषद पीठाधीश्वर अनंत विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर दविंद्र स्वामी सूर्यवंशी ने दिल्ली में भक्तों पर ज्ञानपूर्ण अमृत वर्षा की। बुराड़ी स्थित प्रदीप विहार में आयोजित समारोह में महामंडलेश्वर दविद्र स्वामी ने साध्वी राधा माता को श्री महंत 108 सूर्यवंशी की उपाधि से नवाजा। इस अवसर पर श्री महंत 108 सूर्यवंशी राधा माता के अनुयायियों ने महामंडलेश्वर दविंद्र स्वामी का पुरजोर स्वागत किया। अपने अमृत वचनों में महामंडलेश्वर दविंद्र स्वामी ने कहा कि आजकल लोग शनि देव के बारे में गलत प्रचार कर रहे है। शनिदेव न्याय के देवता हैं, वह न्यायाधीश आशुतोष कहलाते है। लेकिन कुछ नासमझ लोग आजकल विभिन्न प्रकार मिथ्या बातों का प्रचार कर लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे है। यह गलत बात है, शनि कभी भी लोगों को कष्ट नहीं देते। शनि केवल मनुष्य द्वारा किए गए कर्मों के अनुसार ही उन्हें फल प्रदान करते है। इस अवसर पर श्री महंत 108 साध्वी राधा माता ने महामंडलेश्वर दविंद्र स्वामी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप जैसे महान धर्मावलंबियों की वजह से आज भी सनातन धर्म की जड़ें बहुत गहरी है। लेकिन वर्तमान समय में सनातनियों को जरूरत है कि वह अपने बच्चों को हिंदू धर्म की सही और सटीक जानकारी देकर उन्हें देश व धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित करें।

# हमारे वोटर लंच से पहले मतदान करें पूरा : भाजपा




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपचुनाव में लोग कम रूचि लेते हैं पर हमें यह सुनिश्चित करना होगा की हमारे वोटर लंच से पहले मतदान पूरा करें। प्रदेश कार्यालय में रविवार सुबह भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति में सभी वार्डों के संगठनात्मक चुनाव संयोजकों, प्रभारी मंत्रियों, संबंधित जिला अध्यक्षों, सांसदों, विधायकों आदि की विस्तृत बैठक को सम्बोधित कर यह बात कही। उन्होंने यहां चुनाव तैयारियों के लिए मार्गदर्शन दिया। बैठक को प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, चुनाव व्यवस्था प्रमुख अजय महावर ने भी संबोधित किया। बताया गया कि निगम के 12 वार्डों के उपचुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां एवं प्रचार अब अपने चर्म पर हैं। बैठक में उपचुनाव के लिए अभी तक की तैयारियों की समीक्षा की गई और बी.एल. संतोष ने आगामी दिनों में दिल्ली की तीन इंजन सरकार के लाभ हर चुनाव वार्ड में जन जन तक ले जाने के काम को तेज़ करने का निर्देश दिया।

## धर्म रक्षक यात्रा गुरुद्वारा दमदमा साहिब से रकाबगंज साहिब पहुंच हुई संपन्न

**नई दिल्ली।** सिखों के नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री आनंदपुर साहिब से प्रारंभ हुई धर्म रक्षक यात्रा रविवार दिल्ली में नगर कीर्तन के रूप में गुरुद्वारा दमदमा साहिब से शुरू व दक्षिणी दिल्ली के विभिन्न इलाकों से होती हुई गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि यात्रा के रास्ते में संगत ने नगर कीर्तन का बेहद श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वागत किया। फूलों की वर्षा करके कीर्तन में शामिल संगत का मान-सम्मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि संगतों में नगर कीर्तन को लेकर अत्यंत उत्साह था और सभी ने पूरे सम्मान और आस्था के साथ निहाल होकर स्वागत किया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इस नगर कीर्तन के दिल्ली भर में स्वागत और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी भावना से कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए गुरु साहिबान, मर्पण के साथ इनसे जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाते रहे हैं और आगे भी बढ़ाश्री गुरु ग्रंथ साहिब और गुर इतिहास सर्वोपरि हैं और हम हमेशा पूर्ण सते रहेंगे।

खबर संक्षेप

## छात्रों ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात की



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात स्कूल के लिए गौरव का विषय रही और समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में हमारे 11 वर्षों के समर्पित। प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष मान्यता मिली।

## संस्था ने लगाया स्वास्थ्य शिविर 124 ने कराई जांच



**फरीदाबाद।** ह्यूमन लिगल क्राइम ऐंड एंड क्राइम कंट्रोल संस्था ने फरीदाबाद बीके इंटरनेशनल स्कूल धीरज नगर में बत्रा हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। 124 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में स्वास्थ्य जांच की गई। बत्रा हार्ट अस्पताल के प्रबंधक डॉ.पंकज बत्रा और मीडिया कोऑर्डीनेटर बिजेन्दर गौड़, बीके इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक पवन शर्मा भी पहुंचे।

## 22वीं मंजिल से गिरने पर बच्चे की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर 65 थाना एरिया के सेक्टर 62 स्थित पायनियर प्रेसीडिया सोसाइटी की 22वीं मंजिल से गिरने पर पांच साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान बच्चे के माता-पिता घर पर नहीं थे। बच्चा घरेलू सहायिका के साथ सोसाइटी के ग्राउंड से खेल कर वापस घर जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। बिल्डर प्रकाश चंद्र व उनकी डॉक्टर पत्नी घर पर नहीं थे। घर पर उनका पांच साल का बेटा रुद्र तेज सिंह घरेलू सहायिका के साथ था। फ्लैट का मेन गेट अंदर से बंद हो गया। अपने आप को अकेला पाकर बच्चा मदद के लिए बॉलकनी में आया और वहां आवाज लगाने लगा।



पीएम के कुशल नेतृत्व व गृह मंत्री शाह की रणनीति ने दिलाई एनडीए को प्रचंड जीत

# राव नरबीर सिंह ने झंझारपुर और राजनगर सीट पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका निर्णायक परिणाम लेकर आई है। मधुबनी जिले की झंझारपुर और राजनगर विधानसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका निर्णायक परिणाम लेकर आई है। मधुबनी जिले की झंझारपुर और राजनगर विधानसभा सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि राव नरबीर सिंह के 20 दिनों का जमीन से जुड़ा अभियान, उनकी कार्यशैली और जनसंपर्क की गहराई ने पूरे क्षेत्र में एनडीए गठबंधन को मजबूती प्रदान की। भाजपा द्वारा जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद राव नरबीर सिंह ने झंझारपुर और राजनगर दोनों ही क्षेत्रों में दिन-रात एक कर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने जमीनी स्तर पर उतरकर जनता के साथ सीधा संवाद किया। उनकी भाषा में सरलता, विचारों में स्पष्टता और जनता के मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता ने स्थानीय मतदाताओं के मन में भरोसा जगाया। 17 अक्टूबर के बाद लगातार 20 दिनों तक क्षेत्र में रहकर उन्होंने जिस गहराई से जनता तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र तथा एनडीए गठबंधन के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व में क्रियान्वित राज्य सरकार की नीतियों को पहुंचाया।



### विकास आधारित शासन का मॉडल प्रस्तुत किया

प्रचार के दौरान उन्होंने विशेष रूप से बिहार में एनडीए शासन के तहत हुए विकास की गति को रेखांकित किया।चाहे वह बुनियादी ढांचा हो, गरीब कल्याण योजनाएँ हों, युवा और महिलाओं के लिए सुरक्षा और अवसरों का विस्तार हो, या सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सुधार। उन्होंने यह बताया कि एनडीए ने राजनीतिक नहीं, बल्कि विकास आधारित शासन का मॉडल प्रस्तुत किया है। उनके इस सकारात्मक और विकास-केंद्रित संदेश ने लोगों को प्रभावित किया और एनडीए के पक्ष में मजबूत माहौल बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्ड द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया

# साई धाम में सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 25 जोड़ों को परिणय-सूत्र में बांधा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तनुज आहूजा, इशिता पाटिल व उनके परिवार के साथ साथ दीपक खन्ना, साई धाम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष पूनम गुप्ता, सचिव प्रदीप सिंघल, प्रधानाचार्या डा. बीनू शर्मा व शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के एडवाइजरी बोर्ड मेम्बर्स द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने अपने संदेश में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि दहेज प्रथा जैसी बुराईयों को रोका जा सके।

संस्था द्वारा विवाह के बंधन में बंधे 25 जोड़ों को घर-गृहस्थी के लिए घरेलू सामान जैसे सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, बर्तन, कपड़े, बिस्तर, फोल्डिंग बैड इत्यादि दिया गया। सभी दूल्हा-दुल्हनों के परिजनों ने साईंधाम के इस आयोजन की हृदय से प्रशंसा की।

नीमका में कूड़ाघर की आशंका दूर होने पर 84 पाल ने मंत्रियों विपुल गोयल और राजेश नागर का किया सम्मान

# मंत्री नागर ने कहा-तिगांव विधानसभा में भी होंगी शहरों जैसी सुविधाएं



हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

शहर का विकास और सभी के साथ से सुशासन के लिए काम करना हमारा मूल मंत्र है। तिगांव में भी हम शहरों जैसी सुविधाएं देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। मैं और राजेश नागर मिलकर फरीदाबाद का विकास करने में लगे हैं, लेकिन इसमें आप सबका भी भरपूर सहयोग हमें चाहिए क्योंकि कुछ लोग अफवाह फैला कर शहर का विकास रोकना चाहते हैं। यह बात कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कही। वह ज्ञापन देने पहुंची 84 पाल की सरदारी को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर भी मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि मैं और राजेश नागर बचपन के साथी हैं। हमारा आपस में कुछ भी छुपा नहीं रहता है। मैं ऐसा कोई काम नहीं करूंगा जिससे क्षेत्र को कोई नुकसान हो, लेकिन यह बात आप भी जानते हो कि शहर की सफाई के लिए कूड़े का निस्तारण करना भी बहुत जरूरी है। ऐसा ना हो कि सरदारी हर जगह कूड़े घर का विरोध करें। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि विरोधियों द्वारा नीमका में कूड़ा घर बनाए जाने की अफवाह ऐसे समय में फैलाई गई, जब हम दोनों मंत्री और सभी प्रमुख नेता शहर से बाहर बिहार चुनाव में व्यस्त थे लेकिन मुझे जैसे ही पता चला मैंने वहीं से इस बारे में मंत्री विपुल गोयल और विभाग के अधिकारियों से पता कर अफवाह की हवा निकाल दी। उन्होंने कहा कि आज आप लोगों का प्यार और समर्थन देखकर मैं एक बार फिर आपके सामने नतमस्तक हो रहा हूं। इससे पहले बड़ी संख्या में सरदारी नीमका स्थित 84 पाल के चबूतरे पर एकत्रित हुई और तय किया कि नीमका की जमीन पर किसी विश्वविद्यालय, आईटी हब आदि के लिए सरकार से मांग करें। उन्होंने इस बारे में मंत्री राजेश नागर के साथ मिलकर स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल को एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें हर संभव प्रयास का वादा मंत्री गोयल ने सरदारी से किया। इससे बाद सभी ने मंत्री राजेश नागर का उनके निवास भतोला निवास पर अभिनंदन किया।

जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सभा में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मैं आपके लिए मंत्री या विधायक नहीं हूं बल्कि आपका भाई बेटा हूं। आप लोगों ने मुझे बनाया है और मैं आप लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में आया हूं।

प्रथम चरण में शेषनाग द्वारा, काला पत्थर रोड, आरडीसी तथा राजनगर एक्सटेंशन रेड लाइट की ट्रैफिक व्यवस्था होगी दुरुस्त

# शहर में जाम की स्थिति को कंट्रोल करने के लिए योजना बना रहा ननि



हरिभूमि न्यूज ⏩ गाजियाबाद

निर्माण कार्यों के साथ-साथ न शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शहर को जाम मुक्त करने लिए नगर निगम, जीडीए व यातायात पुलिस ने बैठक कर मंथन किया। बैठक के बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि ऐसे स्थान जहां पर जाम की स्थिति अधिक बनी होती है वहां जाम मुक्त करने के लिए प्लानिंग की जा रही है। जिसके लिए निगम अधिकारियों सहित नगर आयुक्त ने एक्सपर्ट टीम के साथ बैठक की तथा प्रथम चरण में चार स्थानों का चयन करते हुए प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

प्रथम चरण में गाजियाबाद नगर निगम आरडीसी राजनगर, राजनगर एक्सटेंशन, शेषनाग द्वारा, काला पत्थर रोड पर स्टालिन आरक्षण करते हुए प्लान तैयार करेगा जिसमें एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप की टीम को कार्रवाई प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया कि जीडीए जाम वाले स्थान का चयन करते हुए जाम से निजात दिलाने की कार्यवाही को प्रारंभ कर रहा है। जिसमें जाम की स्थिति अधिकांश बनी रहती है। उनका चयन किया जाएगा उसके बाद प्लानिंग करते हुए जाम खत्म करने के लिए मॉडल तैयार किया जाएगा। जहां पर पार्किंग की स्थिति को बदलते हुए, अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए, आवश्यकता को देखते हुए यू टर्न बनाने का कार्य कराया जाएगा तथा शहर में जाम पर पूर्ण रूप से कंट्रोल किया जा सके योजना बनाई जा रही है, यातायात विभाग के साथ जीडीए तथा नगर निगम संयुक्त कार्यवाही करेगा शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। जोनल प्रभारी तथा निर्माण विभाग टीम को संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए हॉटस्पॉट चयन करने के निर्देश दिए जिसमें एक्सपर्ट टीम के सदस्य भी साथ में स्थलीय निरीक्षण करेंगे। एक सप्ताह के भीतर आरडीसी में अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान भी चलाया जाएगा बल्कि निजात दिलाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए जाएंगे।

# गाज़ियाबाद नॉर्थ ने किया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, 11 छात्रों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏩ गाज़ियाबाद

रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ ने रविवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में गाज़ियाबाद के लगभग 130 विद्यालयों के 1100 नन्हें प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों को जन्म वर्ष के अनुसार कुल 7 समूहों में विभाजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी ने ज गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलोक गुप्ता, असिस्टेंस गवर्नर मोहिंदर सिंह एवं श्रीमती स्वर्णा मित्तल ने भी अपनी उपस्थिति रहे। प्रतियोगिता के संचालन में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत अग्रवाल, सचिव रोटेरियन रजत जिंदल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिशिर अग्रवाल, तथा प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन ललित जायसवाल का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन सुमेश गर्ग जी एवं रोटेरियन सुधीर गुप्ता ने अत्यंत सुचारू रूप से किया। बच्चों में कला के प्रति प्रेम और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए क्लब द्वारा सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क स्नैक्स भी वितरित किए गए। रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन कर कला, सृजनशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास करता रहा है। रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ शिक्षा, समाजसेवा और बाल सशक्तिकरण के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रेरणादायी कार्यक्रम आगे भी जारी रखेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ के विभिन्न सदस्य अंकुर अग्रवाल, संजय जैन, मनोज अग्रवाल, आलोक गर्ग, सुधीर गुप्ता, राकेश जिंदल, पीयूष गुप्ता, विजय महेश्वरी, एवं क्लब की श्रीमती रितु अग्रवाल आदि।

चुनौतियों के लिए तैयार रहे उद्यमी मंत्री चौटाला

# बदलते वक्त की चुनौतियों के लिए तैयार रहें उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ⏩ गुरुग्राम

यंग इंडिया और सीआईआई द्वारा गुरुग्राम में आयोजित संवाद श्रृंखला में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने युवाओं, स्टार्टअप फाउंडर्स और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिभागियों को संबोधित किया। दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा की औद्योगिक नीति, निरंतर विकास, किसानों और उद्योग के आपसी संबंध, श्रम सुधार, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका, जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण जैसी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ उद्योगों को नई नीतियों, तकनीक और पर्यावरणीय जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम में मौजूद कई उद्यमियों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की वैश्विक बाजारों की समझ, निवेश को बढ़ावा देने की सोच, और हरियाणा के औद्योगिक विकास के प्रति उनके स्पष्ट नजरिए की सराहना की। प्रतिभागियों का कहना था कि दुष्यंत चौटाला हरियाणा के सबसे प्रगतिशील, व्यावहारिक और बिजनेस को प्रोत्साहन देने वाले नेताओं में से एक हैं। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से आए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से सम्मान किया। उद्योग जगत से जुड़े प्रतिभागियों को संबोधित किया।



सुरक्षा व्यवस्था में फरीदाबाद पुलिस के 2000 जवान तैनात

# 32वीं उतरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 32वीं उतरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक 17 नवंबर को फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित होनी प्रस्तावित है। बैठक को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

उन्होनें आगे बताया कि संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था की कमान संयुक्त पुलिस आयुक्त फरीदाबाद राजेश दुग्गल के पास होगी। उनकी सहायता के लिए पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल को नियुक्त किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगभग 2000 के करीब पुलिस कर्मचारियों की ड्युटियां लगाई गई है, साथ ही क्यूआरटी की 6 कमांडो टीमें किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात है।



सभी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में दिन-रात गस्त करेंगे तथा उचित स्थानों पर नाकाबन्दी करवायेंगे। बस स्टैण्ड, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सिनेमाघर, होटल, धर्मशालाएं, ओयो होटल, सराय तथा संदिग्ध डेराजात में भली-भांति सर्चिंग करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नही ठहरा हुआ है। बस स्टैण्ड बल्लबगढ़ व फरीदाबाद पर बाहर से आने वाली सभी बसों को गहनता से चैक किया जाये। फरीदाबाद पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हर स्तर पर सुदृढ़ और प्रभावी बनी रहे।

उन्होंने आगे बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 16 नवंबर को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था संजय कुमार तथा सौरभ सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तचर विभाग ने कार्यक्रम स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया।

दीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया, कार्यक्रम एक बड़े उत्सव का रूप लेता दिखाई दिया

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल ने किया भव्य स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की दोनों ब्रांचों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भव्य स्पोर्ट्स मीट का आज शानदार आगाज़ हुआ। खेलों के इस विशाल आयोजन ने क्षेत्र में उत्साह, जोश और खेल भावना का अद्वितीय माहौल बना दिया। स्पोर्ट्स मीट में करीब 5 से 6 हजार दर्शकों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम एक बड़े उत्सव का रूप लेता दिखाई दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा मंत्री राजेश नागर, उनके साथ मेयर प्रवीन बत्रा जोशी एवं विशिष्ट अतिथि संदीप दहिया एक्सईएन एचएसवीपी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत चेयरमैन धर्मपाल यादव, डायरेक्टर दीपक यादव और सुनीता यादव ने फूलो का गुलदस्ता व पटका पहनाकर किया।



अतिथियों ने संयुक्त रूप से राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर और दीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में पेरेंट्स और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक आकर्षक कार्निवल का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न तरह के फन गेम्स की व्यवस्था की गई। कार्निवल में लगाए गए स्टॉलों पर बच्चों के लिए रिंग टॉसए बलून डार्ट, हिट द टारगेट, मिनी स्पोर्ट्स एक्टिविटीज़ सहित कई रोचक खेलों का आनंद सभी ने उत्साहपूर्वक लिया। वहीं दूसरी ओर स्वाद के शौकीन पेरेंट्स और बच्चों के लिए चटपटे व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई, जिसे स्कूल के बच्चों और टीम ने मिलकर संचालित किया।

खाने-पीने के स्टॉलों ने पूरे वातावरण को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष और प्रेरणादायक पल के साथ हुई, जब मुख्य अतिथियों और प्रबंधन द्वारा कबूतर उड़ाकर शांति और सद्भाव का संदेश दिया गया। जैसे ही सफेद कबूतर आसमान की ओर उड़ेए पूरे मैदान में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से इस शुभ और शांतिपूर्ण शुरुआत का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से मंत्री विपुल गोयल, मेयर प्रवीण जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे

# ओम योग संस्थान का 27 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏩ फरीदाबाद

आर्य समाज ओम योग संस्थान द्वारा आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं सामवेद पारायण यज्ञ में दूर-दूर के स्थानों से आए हुए श्रद्धालुओं ने राष्ट्र की सुख समृद्धि एवं शांति के लिए सवा लाख गायत्री आहुतियां, ध्यान एवं योग साधना शिविर, भजन, सत्संग के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आज का कार्यक्रम सभी आए हुए श्रद्धालुओं के साथ में श्रद्धेय गुरूजी योगीराज डॉ. ओमप्रकाश महाराज जी संस्थापक एवं अध्यक्ष के पावन सानिध्य में प्रातः आरंभ किया गया। कार्यक्रम के ब्रह्मा स्वामी देवव्रत सरस्वती के निर्देशन में यज्ञ एवं सत्संग का कार्यक्रम चलाया गया जिसमें हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए हुए याज्ञिकों ने बढ़-चढ़कर आहुतियां प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर,मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, स्वामी मुनिराज जी ब्रज धाम, आचार्य रिशिपाल, स्वामी शुद्ध बोधानंद, ओम शिक्षा संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने संगीत के साथ योग एवं व्यायाम प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### सैकड़ों बाहरी संदिग्धों को बसाने का पर्दाफाश



**महोबा।** यहां हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां सैकड़ों की संख्या में बाहरी संदिग्ध लोगों को अवैधानिक तरीके से बसाने, उनके निवास प्रमाण पत्र जारी किए जाने के मामले का पर्दाफाश हुआ है। मामले में प्राथमिक जांच में ग्राम विकास अधिकारी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे निलंबित और इसमें शामिल राजस्व विभाग के लेखपाल की सघन पड़ताल शुरू की गई है।

### भेड़िए को शूटर ने मार गिराया,अब तक 4 ढेर



**बहराइच।** जिले के कैसरगंज क्षेत्र में लोधनपुरवा गांव से तीन दिन पहले एक बच्ची को उठाकर ले जाने वाले भेड़िए को वन विभाग के शूटर ने मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग का कहना है कि गुरुवार सुबह घर के बाहर धूप में खेल रही चार वर्षीय बच्ची जाह्नवी को भेड़िया उठाकर ले गया था। वन विभाग की टीम ड्रोन एवं शूटर तथा विशेषज्ञों के साथ उसकी तलाश में लगी हुई थी।

### बाइक-ट्रैक्टर की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत




**गुमला।** गुमला जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक बाइक व ट्रैक्टर के बीच टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह दुर्घटना शाम को डुमरी इलाके में बासा नदी पुल के पास हुई।थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया कि तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दो घायलों को मृत घोषित कर दिया।

## महागठबंधन में जहां-जहां हुई फ्रेंडली फाइट

एजेंसी ▶▶ पटना।

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार 11 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों के बीच फ्रेंडली फाइट हुई, जिसका फायदा उठाते हुए इन सभी सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवारों ने अपना कब्जा जमा लिया। इस बार के चुनाव में बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 11 सीटों वैशाली, राजापाकड़ (सुरक्षित), बिहारशरीफ, बछवाड़ा, बेलदौर, कहलगगांव, सुल्तानगंज, चैनपुर, सिकंदरा (सुरक्षित) , करहगर और नरकटियागंज में महागठबंधन के घटक दल के उम्मीदवार चुनावी संग्राम में अपने ही गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनौती देते नजर आए। एनडीए के घटक दलों के उम्मीदवारों ने महागठबंधन के 'दोस्ताना' मुकाबले का जमकर फायदा उठाया और सभी 11 सीटें अपनी झोली में डाल ली।

# एनडीए की हो गई चांदी, जीत लीं सभी 11 सीटें

बिहार चुनाव में अनुमान लगाया जा रहा था कि कि इन 11 सीटों पर महागठबंधन के बीच फ्रेंडली फाइट का फायदा एनडीए को मिल सकता है, और ऐसा हुआ भी। सभी 11 सीटें एनडीए ने अपने दामन में समेट लीं।



एनडीए के घटक जदयू ने अपनी सियासी तीर से सात सीटों वैशाली,राजापाकड़ (सुरक्षित), बेलदौर, कहलगांव, सुल्तानगंज,चैनपुर और करगहर सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों को ढ़ेर कर दिया। वहीं भाजपा ने तीन सीटों बिहारशरीफ, बछवाड़ा और नरकटियागंज पर पार्टी का 'भगवा' लहरा दिया। इसी तरह हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा (हम) ने सिकंदरा (सुरक्षित) सीट अपने लिए सुरक्षित कर ली। वैशाली विधानसभा सीट पर महागठबंधन के घटक राजद और कांग्रेस के प्रत्याशी आमने-सामने थे।

जदयू की सियासी तीर ने राजद और कांग्रेस के उम्मीदवारों को चुनावी रण में ढ़ेर कर दिया। जदयू उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक सिद्धार्थ पटेल ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार अजय कुमार को 32590 मतो के अंतर से शिकस्त दी। कांग्रेस उम्मीदवार संजीव सिंह तीसरे नंबर पर रहे। राजापाकड़ (सुरक्षित) महागठबंधन के घटक कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के उम्मीदवार एक-दूसरे को चुनौती दे रहे थे। जदयू उम्मीदवार महेन्द्र राम ने कांग्रेस की उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री रामसुंदर दास की रिश्तेदार और निवर्तमान विधायक प्रतिमा कुमारी को 48189 मतो से पराजित कर यह सीट अपने नाम कर ली। भाकपा के मोहित पासवान तीसरे नंबर पर रहे।

बेलदौर सीट पर महागठबंधन के घटक कांग्रेस और आईआईपी के बीच चुनावी मुकाबला हुआ। मुकाबले में जदयू के उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक पन्ना सिंह पटेल ने कांग्रेस के मिथिलेश कुमार निषाद को 35175 मतो के अंतर से शिकस्त दी। कहलगांव सीट पर कांग्रेस के प्रवीण सिंह कुशवाहा और राजद के रजनीश भारती आमने सामने थे। चुनावी मुकाबले में शुभानंद मुकेश ने राजद के उम्मीदवार रजनीश भारती को मात दी।

## योगी सरकार ने किया 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' का ऐलान

# 31 दिसंबर तक पंजीकरण पर मिलेगा, आगरा देहात के 1.60 लाख उपभोक्ता लाभांवित

योगी सरकार ने "बिजली बिल राहत योजना 2025-26" शुरू की है, जो 1 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में लागू होगी। इसका उद्देश्य लंबित बिल वाले 'नेवर पेड' और 'लॉन्ग अनपेड' उपभोक्ताओं को बकाए से मुक्ति दिलाना है। इस योजना के तहत, 2 किलोवॉट तक के घरेलू और 1 किलोवॉट तक के वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को ब्याज पर 100% और मूलधन पर 25% तक की छूट मिलेगी। दक्षिणांचल में 1.60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लगभग 501 करोड़ रुपए का लाभ मिलने का अनुमान है।

एजेंसी ▶▶ आगरा

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने विद्युत उपभोक्ताओं को एक बड़ी सौगात देते हुए ₹बिजली बिल राहत योजना 2025- 26₹ को लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 01 दिसंबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक तीन चरणों में लागू रहेगी और इसका उद्देश्य लंबित बिल वाले नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को बकाए से मुक्ति दिलाना है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (डीवीवीएनएल) में लागू हो रही इस एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत, 2 किलोवॉट तक के घरेलू (एलएमवी-1) और 1 किलोवॉट तक के वाणिज्यिक (एलएमवी-2) उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

डीवीवीएनएल के मुख्य अभियंता कपिल सिंधवानी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से केवल दक्षिणांचल में ही लगभग 501 करोड़ रुपए का बकाया माफ होने का अनुमान है, जो 1.60 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंचाएगा।

**खास बातें**

- तीन चरणों में मिलेगी नेवर पेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को बड़ी राहत
- एकमुश्त भुगतान करने पर 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक की छूट



### जन-जन तक पहुंचें योजना का लाभ, होगा व्यापक प्रचार- प्रसार

योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया, एफएम रेडियो, प्रिंट/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ प्रत्येक गाँव में मुनादी कराना अनिवार्य किया गया है। योजना की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्शन एजेंसियों (जनसेवा केंद्र, विद्युत सखी, मीटर रीडर्स) को विशेष प्रोत्साहन देने की व्यवस्था की गई है, जिससे वे नेवर पेड उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक वसूली कर सकें और योजना को सफल बना सकें।

### किस्त भुगतान पर भी मिलेगी राहत

किस्त में भुगतान का विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी राहत है। मुख्य अभियंता ने बताया कि मासिक 500 या 750 रुपए की किस्त व नियमित बिल का भुगतान करने पर ब्याज में 100% छूट रहेगी। साथ ही, मूल बकाये में भी 5% से 10% तक की छूट मिलेगी।

### बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज पर 100 % और मूलधन पर 25% की छूट

मुख्य अभियंता कपिल सिंधवानी ने बताया कि आगरा देहात में 24,300 नेवर पेड घरेलू उपभोक्ता और 1,35,725 लॉन्ग अनपेड घरेलू उपभोक्ता (जिन्होंने 31 मार्च 2025 तक बिल जमा नहीं किया) हैं। उन्होंने योजना की छूट का विवरण देते हुए कहा कि पहली बार तीन चरणों की इस योजना में, नेवर पेड व लॉन्ग अनपेड बिजली उपभोक्ताओं को ब्याज पर 100 फीसदी और मूलधन पर 25 फीसदी तक की छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रथम चरण (01 से 31 दिसंबर 2025) में पंजीकरण कराकर 30 दिन में पूरा भुगतान करने पर ब्याज में 100% और मूल बकाए में 25% की छूट मिलेगी। द्वितीय चरण में मूलधन में छूट का दायरा 20% और तृतीय चरण में यह 15% रहेगा।

## यूपी के खदान हादसे पर बड़ा ऐक्शन

# मालिक और दो पार्टनरों के खिलाफ केस दर्ज, अब भी कई लोग फंसे



एजेंसी ▶▶ सोनभद्र

यूपी के सोनभद्र में शनिवार की शाम खदान हादसे में बड़ा ऐक्शन हुआ है। पुलिस ने खदान के मालिक और दो पार्टनरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज करने के बाद पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

ओबरा थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय चौरसिया ने बताया कि छोटू यादव पुत्र शोभनाथ निवासी कर्मसार थाना ओबरा ने तहरीर दी। उसकी तहरीर पर कृष्णा माइनिंग वर्क्स के अज्ञात मालिक और पार्टनर मधुसूदन सिंह और दिलीप केशरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने खनन हादसे के दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ ही दोषियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की है। टीम दोषियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। हादसे की जांच और विवेचना की जा रही है। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। एसपी अभिषेक वर्मा ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया, आईजी मिर्जापुर आरपी सिंह के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य चल रहा है। घटनास्थल पर मौजूद है।

## पेज एक का शेष....

### 81 देशों की...

से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी, जिनमें 13 वर्ल्ड प्रीमियर और 44 एशिया प्रीमियर शामिल हैं। यह महोत्सव भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर पेश करने और नई प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर देता है।

### बुलेट ट्रेन कर्मचारी....

करते हुए नजर आए। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है। कर्मचारियों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनसे कहा कि ये जो आपके अनुभव है अगर वो रिकॉर्डेड होंगे, एक ब्लू बुक की तरह तैयार होते हैं, तो देश में हम बहुत बड़ी मात्रा में बुलेट ट्रेन की दिशा में जाने वाले हैं। यहां से जो सीखा हुआ है, वो वहां रेप्लिका होना चाहिए। अगर इस प्रकार का कोई रिकॉर्ड आप मेंटेन करते हैं। भविष्य में स्टूडेंट्स के लिए भी काम आ सकता है। जिंदगी यहीं खपा देंगे, देश को कुछ देकर जाएंगे। वहीं, बुलेट ट्रेन कर्मचारी का कहना था कि न नाम चाहिए, न इनाम चाहिए। बस देश आगे बढ़े, ये अरमान चाहिए।

### पीएम मोदी ने ....

सुविधाजनक सफर मिलेगा। गौरतलब है कि मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर अहमदाबाद, वडोदरा, भरूच, सूरत, वापी, ठाणे और मुंबई जैसे बड़े शहरों को जोड़ता है। इससे न सिर्फ मुंबई और गुजरात के बीच यात्रा सुगम होगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना में मुंबई से अहमदाबाद बाद के बीच कुल 12 स्टेशन होंगे। गुजरात में आने वाले हिस्से का काम काफी तेजी से चल रहा है। जल्द ही इसका ट्रायल भी शुरू किया जा सकता है। पूरी परियोजना के बाद मुंबई-अहमदाबाद की यात्रा केवल दो घंटे में पूरी हो जाएगी, जिससे मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोज अपडाउन करने वालों को काफी राहत मिलेगी।

### आर्थिक-सामाजिक रूप ...

अधिकारों और समानता को लेकर जागरूकता बढ़ी है और भेदभाव की पुरानी सोच को पीछे छोड़ा जा रहा है। उन्होंने भावुक होकर याद किया कि उनके कार्यकाल का पहला कार्यक्रम महाराष्ट्र के अपने गृह नगर अमरावती में था और आख़िरी कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के अमरावती में, मानो उनकी यात्रा एक पूरा चक्र पूरा कर रही हो। सीजेआई गवई ने कहा कि भारतीय संविधान स्थिर नहीं है, बल्कि एक 'जीवंत, विकसित होने वाला' दस्तावेज है। डॉ. भीमराव आंबेडकर की सोच पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन की प्रक्रिया इसीलिए रखी गई ताकि समय के साथ जरूरतें बदलने पर देश आगे बढ़ सके। उन्होंने बताया कि आंबेडकर के भाषण, विशेषकर जब वे मसौदा संविधान प्रस्तुत कर रहे थे, हर कानून के विद्यार्थी को पढ़ने चाहिए। आंबेडकर के तीन शब्द- समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व- को उन्होंने भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति की रीढ़ बताया।

### दिल्ली की जज....

धन की कथित मनी लॉड्रिंग के सिलसिले में उठाया है। ईडी ने कहा कि आरोपी ने घोटाले की इस रकम से देश-विदेश में निजी संपत्तियां बनाईं, जिनमें महाराष्ट्र के वेयर गांव में 500 एकड़, पुणे-अलीबाग रोड पर 100 एकड़, हिमाचल प्रदेश के तीर्थन घाटी में साईं रूपा रिजॉर्ट्स और बोस्टन (अमेरिका) में जमीन के अलावा ब्रिटेन में वित्तीय संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने इतनी सुबह-सुबह जज के समक्ष आरोपी को उनके आवास पर पेश करते हुए दलील दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की तलाश सुबह 6.55 बजे शुरू हुई और उसे सुप्रीम कोर्ट तथा विभिन्न हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार तलाशी के 24 घंटे के भीतर अदालत में पेश किया जाना है। सुबह 3.05 बजे जब कोर्ट की कार्यवाही शुरू हुई तब आरोपी के वकील रास्ते में थे और जब तक दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हुई, तब तक सुबह के 6.30 बज गए थे। इसके बाद जज ने आरोपी को 28 नवंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। जज ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि आरोपी को उसी दिन दोपहर 2 बजे कोर्ट में पेश किया जाए।

### पत्रकारिता के लिए...

प्रसार को रोकना चाहिए। नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर मे राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई यह विचार व्यक्त किये। इस वर्ष की थीम – 'बढ़ते दुष्प्रचार के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की सुरक्षा' रही।

अपने मुख्य भाषण में, पीटीआई के सीईओ विजय जोशी ने उस 'इन्फोडेमिक' यानी सूचना-महामारी से निपटने का समाधान प्रस्तावित किया, जिसका सामना आज हम सभी एक समाज के रूप में कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पारंपरिक मीडिया में गति के बजाय सटीकता को और डिजिटल मीडिया में एआई एल्गोरिदम आधारित गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए।' इस कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू और पीसीआई की सचिव शुभा गुप्ता भी उपस्थित थीं।

देसाई ने उल्लेख किया कि पीसीआई ने समितियाँ और फैक्ट-फाइंडिंग टीमें बनाई हैं और पत्रकारों को जिम्मेदारी से काम करने और हर तथ्य को सत्यापित करने की याद दिलाई। उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं और बीमा के माध्यम से पत्रकारों के लिए वित्तीय सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि पीसीआई के इंटर्नशिप कार्यक्रम युवा पत्रकारों को नैतिक प्रथाओं को सीखने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एआई उपयोगी हो सकता है, लेकिन पीसीआई इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए भी सतर्क है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये उपकरण चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, ये कभी भी मानव मस्तिष्क, निर्णय और विवेक की जगह नहीं ले सकते।

पीटीआई के सीईओ श्री विजय जोशी ने कहा कि लोकतंत्र के नैतिक प्रहरी के रूप में प्रेस को दृढ़ नैतिकता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि पेड न्यूज़, विज्ञापन और सनसनीखेज और अतिशयोक्तिपूर्ण पत्रकारिता ने जनता का विश्वास कम किया है। डिजिटल व्यवधान के बदलाव का एक गंभीर परिणाम यह है कि अब सटीकता की जगह जुड़ाव को अधिक प्राथमिकता दी जा रही है जिससे पक्षपातपूर्ण सूचनाओं का बुलबुला बनता है। इसने दिखाया है कि सच्चाई और गलत सूचना कितनी जल्दी एक हो सकती हैऔर आज एआई ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पत्रकारों को सत्य की पुष्टि सुनिश्चित करने की साझा जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने 99 अख़बारों द्वारा स्थापित पीटीआई की सत्यता, सटीकता, निष्पक्षता और स्वतंत्रता की विरासत पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि सटीकता को हमेशा गति से ऊपर रखा जाना चाहिए और समाचार किसी भी विशिष्ट उद्देश्य और एजेंडे से मुक्त होना चाहिए।

**अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण है भारतीय प्रेस परिषद:** भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना संसद के एक अधिनियम द्वारा 1966 में एक अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण के रूप में की गई थी (जिसे 1979 में पुनर्गठित किया गया था), जिसका उद्देश्य प्रिंट मीडिया के लिए एक आंतरिक स्व-नियामक तंत्र स्थापित करना था ताकि स्वतंत्र और उत्तरदायी रिपोर्टिंग सुनिश्चित हो सके।

तब से, प्रेस परिषद देश में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा और संरक्षण तथा देश में समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसने विधायिका और अन्य प्राधिकारियों के लिए एक सलाहकार निकाय के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### मुख्यमंत्री बाबा बागेश्वर...

की। बाबा बागेश्वर ने मुख्यमंत्री को बागेश्वर धाम आने का निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को जबलपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह के तत्काल बाद नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। वहां उन्होंने रात्रि विश्राम के बाद अधिकारियों से अनेक मुद्दों पर बातचीत की। इसके बाद में मथुरा पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के बाबा बागेश्वर के साथ पदयात्रा में शामिल होते वक्त भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी।

### अमित शाह आज....

शेष बचे मुद्दों को क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार के लिए प्रस्तुत किया जाता है। क्षेत्रीय परिषदें, केंद्र और सदस्य राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के बीच, सदस्य राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के मध्य, तथा क्षेत्र के मुद्दों और विवादों को हल करने और उन पर प्रगति लाने के लिए एक श्रेष्ठ मंच प्रदान करती है।

ये परिषदें, राष्ट्रीय महत्व के व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा करती हैं जिनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इनके शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा प्रदान करना, आपातकालीन सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन तथा पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत सुधार, शहरी प्लानिंग, सहकारिता व्यवस्था का सुदृढीकरण आदि सहित क्षेत्रीय स्तर के सामान्य हित के विभिन्न मुद्दे शामिल हैं।

### अब टेरिटोरियल आर्मी ....

में सेवा दे रही हैं।

**युद्ध और अभियानों में अहम भूमिका:** 'टेरियर्स' यानी टेरिटोरियल आर्मी जवानों ने देश के कई बड़े सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसमें 1962, 1965 और 1971 के युद्ध, श्रीलंका का ऑपरेशन पवन, पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक, पूर्वोत्तर राज्यों में ऑपरेशन राइनो और बजरंग शामिल हैं।

## प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 34 उपाधीक्षकों को दी गई तैनाती

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद 34 उपाधीक्षकों को नियुक्ति दी गई है।




इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। नियुक्ति पाने वाले उपाधीक्षकों में बसंत सिंह, संकल्प दीप कुशवाहा, प्रतिज्ञा सिंह, नारायण दत्त मिश्रा, मयंक मिश्रा, शशि प्रकाश मिश्रा, ऋतिक कपूर, हरेकृष्ण शर्मा, अभिमन्यु त्रिपाठी, पीयूष कुमार पांडेय, क्रिश राजपूत, गायत्री यादव को तैनाती दी गई है। इसी तरह, मनोज कुमार गंगवार, सुधीर सिंह, जयंत यादव, रोहिनी यादव, प्रभा पटेल, आकृति पटेल, अभय कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार, अनुभव राजर्षि, आकांक्षा गौतम, शुभम वर्मा, अमित कुमार, देशराज सिंह, दीपशिखा, कुलदीप सिंह यादव, अरुण पाराशर, अवनीश कुमार सिंह और विनी सिंह हैं।

## झारखंड के 25 साल पूरे होने पर रांची को तोहफा

# 560 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर राजधानी रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को बड़ी सौगात दी। उन्होंने रांची जिले के लिए 560 करोड़ रुपए से अधिक की करीब 44 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें 138.74 करोड़ रुपए की 21 योजनाओं का उन्होंने शिलान्यास किया। साथ ही करीब 430 करोड़ की 23 योजनाओं का उद्घाटन किया। ये सभी योजनाएं सड़क निर्माण, शहर का सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, कल्याण एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिन योजनाओं का उद्घाटन किया है, उसमें सबसे प्रमुख मेन रोड स्थित रतन टॉकीज से न्यूक्लियस मॉल, कर्बला चौक होते हुए सड़क की राइडिंग क्वालिटी में सुधार करना शामिल है। इस कार्य को पूरा करने के लिए करीब 18.21 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

इसके अलावा रांची स्मार्ट सिटी में रिक्रिएशन और सामुदायिक एवं इको पार्क, हवाई अड्डा से हिनू चौक, आईआईटी एवं राजकीय बस स्टैंड का पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं, हरमू एवं सहजानंद चौक के गोलंबर के हार्डस्केप एवं सॉफ्टस्कैप के विकास कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

## यूपी में जीएसटी चोरी का मामला

### पांच आईपीएस अफसरों को जिम्मेदारी

# 600 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच करेगी प्रदेश स्तरीय एसआईटी टीम

एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

मुरादाबाद में दर्ज 600 करोड़ से ज्यादा की जीएसटी चोरी के नौ मामलों समेत प्रदेश के 45 जिलों के 147 केसों की जांच की निगरानी के लिए राज्यस्तर पर पांच आईपीएस अफसरों की एसआईटी गठित की गई है। डीजीपी ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के आईजी सुनील मेनुएल को इसका मुखिया बनाया है।

राज्यस्तरीय एसआईटी ने शनिवार को 45 जिलों की एसआईटी के साथ ऑनलाइन बैठक कर एक सप्ताह में केसों से संबंधित दस्तावेज जुटाने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले में जिले स्तर की एसआईटी लखनऊ की एसआईटी के निर्देशन में ही कार्रवाई करेगी। मुरादाबाद के अलग-अलग थानों में जीएसटी चोरी के नौ मुकदमे दर्ज हैं। इसमें 600 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। शासन स्तर पर इन केसों की समीक्षा की गई तो सामने आया कि यूपी के 45 जिलों में 147 केस दर्ज हो चुके हैं। इनमें करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी की जांच एसआईटी कर रही है। अलग-अलग जिलों में बनाई गईं एसआईटी की निगरानी के लिए डीजीपी राजीव कृष्ण ने आईपीएस अफसरों की राज्यस्तरीय एसआईटी का गठन किया है।

राज्यस्तर पर बनी एसआईटी की कमान आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लयू) के आईजी सुनील मेनुएल को सौंपी गई है। इसमें आईपीएस सुशील घुले चंद्रभान, अविनाश पांडेय, बबिता सिंह और प्रेम कुमार शुक्ला को टीम में शामिल किया गया है। शनिवार को लखनऊ में गठित की गई एसआईटी ने अलग-अलग जिलों की एसआईटी के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। एक-एक केस पर बात की और अब तक की जांच के बारे में जानकारी जुटाई।

करीब ढाई घंटे चली बैठक में अफसरों ने टीमों के सदस्यों को बताया कि एक सप्ताह में सभी केसों से संबंधित दस्तावेज जुटा लें।

इसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। साथ ही कहा कि वह जांच के दौरान किसी को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेकर पूछताछ करने और चार्जशीट लगाने से पहले चर्चा करेंगे। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।


लाइफ Style

# तमन्ना
## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।




हॉलीवुड मसाला

# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी



**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।





# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'




# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।


टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे



**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजेनस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।



# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...



**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया

# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

*नई दिल्ली। समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।



# जनजातीय गौरव दिवस देशवासियों के लिए दीपावली और होली पर्व की तरह


समारोह के दौरान राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दीवाली और होली की ही तरह है। भारत माता के अमर सपूत स्वाभिमान और स्वराज के प्रतीक, जनजातीय अस्मिता के संरक्षक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। पांचवें जनजातीय गौरव दिवस पर चारों दिशाओं में भारत अपने जनजातीय नायकों की स्मृतियों को पूज रहा है। जनजातियों के पराक्रम और परिश्रम से सजी आलीराजपुर की पावन मिट्टी में आजादी की लड़ाई के 2 अमर योद्धा शहीद छीतु किराड़ और शहीद चंद्रशेखर आजाद ने जन्म लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और शहीद छीतु किराड़ की प्रतिमा का अनावरण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश की विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय कल्याण के लिए आलीराजपुर को 250 करोड़ रूपए की लागत से 156 विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। जनजातीय भाई-बहनों की शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना के 156 कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## आलीराजपुर जनजातीय संस्कृति और स्वाभिमान की है भूमि

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री जनजातीय गौरव दिवस पर आलीराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने आलीराजपुर को दी 200 करोड़ लागत के 156 विकास कार्यों की सौगात


समारोह में जनजातीय बहनों के साथ राज्यपाल पटेल और सीएम डॉ. यादव।

## पीले मोजैक से फसलों को हुए नुकसान के लिए 45 करोड़ रुपए का मुआवजा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आलीराजपुर जिले की प्रत्येक पंचायत में मनरेगा से बनने वाले 20-20 कुओं को परीक्षण के बाद बिजली आपूर्ति से जोड़ने की घोषणा की। जिले में पीले मोजैक से फसलों को


समारोह में पदाधिकारियों के साथ मंचासीन मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हुए नुकसान के लिए किसानों को 45 करोड़ का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 11 करोड़ रूपए की अधिक से लागत से निर्मित पलास पानी तालाब और मसनी बैराज, 6 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित उच्च स्तरीय पुल, 3 सांदीपनि विद्यालय, 12 जनजातीय सीनियर छात्रावास, 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 2 सामूहिक स्वास्थ्य केन्द्र, बालक, बालिका छात्रावास एवं स्कूल भवन, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र और आईपीएचएल लैब शामिल हैं।

## विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज हर पात्र जरूरतमंद परिवार को पक्के मकान मिल रहे हैं। लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाकर हर महीने रक्षाबंधन और भाईदूज मनाई जा रही है। अब बहनों को 1500 रुपए महीने मिलने लगे हैं। विकास और जनकल्याण के लिए हमारी भावना और संकल्प स्पष्ट है। माताएं-बहनें अपनी परवाह न करते हुए पूरे परिवार के भरण-पोषण का ध्यान रखती हैं। बहनें, लाड़ली बहना योजना के पैसों से परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बच्चों की फीस भर रही हैं। प्रदेश के किसानों को भावान्तर योजना के माध्यम से सोयाबीन का उचित दाम मिल रहा है। पात्र किसानों को 15 दिन के अंदर राशि भेज दी गई है।

### आलीराजपुर को मिली विकास की अनेक सौगातें

अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आलीराजपुर जिला निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। आलीराजपुर 150 से अधिक गांवों को सिंचाई के लिए अब नर्मदा मैया का पानी मिल रहा है। आलीराजपुर को विकास की अनेक सौगातें मिली हैं। कपिलधारा योजना के अंतर्गत जिले में 50 हजार से अधिक कुएं बने हैं। इनसे सिंचाई का रकबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कृषि प्रधान आलीराजपुर जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की आवश्यकता बताई।

**अलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

## भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलें युवाः खंडेलवाल

मैं आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आह्वान करता हूं कि जैसा उनका जीवन रहा हमारे समाज का हर युवा उनके जीवन को देखकर उनके बताये मार्ग पर चले। हर जनजाति के युवा में इतने जज्बात रहे कि हमारे समाज को एक नई दिशा देने का काम कर सकें। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कही। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आलीराजपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासन को चुनौती दी थी और उनके हृदय में गहरी देशभक्ति थी। प्रदेश के सतत विकास के साथ-साथ जनजातीय समाज भी शिक्षा और प्रगति की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। हमारी जनजाति के लिए वह आदर्श थे, जिन्होंने जवानी में भी यह बता दिया कि किसी भी युवा को अगर जीना चाहिए तो देश के लिए जीना चाहिए।


उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते सीएम डॉ. यादव

### 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर

*प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धार में अपने जन्मदिन के अवसर पर बड़े टेक्सटाइल पार्क की घोषणा की थी, जिससे लगभग 50 हजार जनजातीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह परियोजना जनजातीय समाज की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और इसी विकास यात्रा में जनजातीय समाज भी शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे भगवान बिरसा मुंडा को अपना आदर्श मानकर समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान दें।*

### सभी जिला मुख्यालयों पर हुए कार्यक्रम

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश के 24 जनजातीय बाहुल्य जिलों में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा जयंती के जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक व पार्टी पदाधिकारी पहुंचे।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने शनिवार को ग्वालियर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के सह प्रभारी व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया उपस्थित रहे।

## सीएम ऑफिस के फर्जी डॉक्यूमेंट बनाने वाली नगर निगम यंत्री शिवानी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- शिवानी पर न केवल एफआईआर की, बल्कि निलंबित भी कर दिया

नगर पालिक निगम सिंगरौली में उपयंत्री के पद पर पदस्थ शिवानी गर्ग ने प्रमोशन के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी सेवा प्रमोशन ई आफिस संबंधी प्रतिवेदन में हेरफेर कर प्रमोशन लेने का प्रयास किया। सीएम सचिवालय से इस तरह का पत्र जारी न होने की पुष्टि और कड़ी कार्रवाई के निर्देश के बाद आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने शिवानी पर न केवल एफआईआर दर्ज कराई है बल्कि उसे निलंबित भी कर दिया है। शिवानी गर्ग उपयंत्री तबादले के बाद सिंगरौल नगर निगम में पदस्थ की गई थी। वे राज्य नगरीय यांत्रिकीय सेवा की उपयंत्री है। उनकी नियुक्ति 2016 में हुई थी। शिवानी ने 21 अगस्त 2025 को एक आवेदन प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री कार्यालय का सेवा प्रमोशन, ई ऑफिस प्रतिवेदन विभाग में दिया और सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति दिए जाने का आग्रह किया।

### पहले से ही संदेहास्पद था प्रतिवेदन

*यह प्रतिवेदन पहली ही नजर में संदेहास्पद और कूटरचित दिख रहा था। संचालनालय ने कूटरचित पदोन्नति आदेश की जांच कराई। संचालनालय ने इस आदेश के सत्यापन के लिए राज्य शासन के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजा। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक अक्टूबर 2025 को बताया कि इस तरह का आदेश मुख्यमंत्री सचिवालय ने जारी नहीं किया है।*

**प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री भी रहेंगे मौजूद**

## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एसआईआर को लेकर ग्वालियर-चंबल संभाग की बैठक को करेंगे संबोधित**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को दोपहर 02 बजे ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआरआई) को लेकर संभागीय बैठक को संबोधित करने के पश्चात स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

## शहीद राव तुलाराम होगा कोरियावास कॉलेज के अस्पताल का नाम : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अहीरवाल का इलाका सदैव से ही वीरों की भूमि रहा है, इस धरती ने अनेकों वीरों को जन्म दिया है जिन्होंने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने का काम किया है। ऐसी तपस्वी भूमि पर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। रविववार यहां महाराजा शूरसैनी की जयंती कार्यक्रम के आयोजन से यह धरा और भी पावन हो गई है। महाराजा शूरसैनी बहुत ही प्रतापी, वेदों के ज्ञाता, न्यायप्रिय, धर्मात्मा एवं प्रजापालक राजा थे। उनके राज्य में पूर्ण समाजवाद था। मुख्यमंत्री आज नारनौल में राज्यस्तरीय महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व, 84 करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किये। उन्होंने नारनौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश यादव द्वारा उनके समक्ष रखी गई अधिकतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि इस क्षेत्र में विकास का पहिया तेजी से घूमता रहेगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने इस दौरान घोषणा की है कि महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास में बनने वाले सामान्य अस्पताल का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम पर किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नारनौल के विकास में कोई कमीं नहीं छोड़ी जाएगी। यहां की अनअप्रूवड कॉलोनियों को भी नियमानुसार अप्रूवड किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित लोगों को महाराजा शूरसैनी जी की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सैनी समाज का इतिहास प्राचीन और गौरवशाली है। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फूले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले सैनी समाज के रत्न हैं।


नारनौल। समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

### संतों का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह का आयोजन भी इसी योजना की एक कड़ी है। महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हम हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर कदम उठा रहे हैं। इस अवसर पर हरियाणा भाजपा अध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली, सांसद श्री धर्मबीर सिंह, विधायक श्री कृष्ण कुमार, श्री ओमप्रकाश यादव , श्री कंवर सिंह यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



**भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद, बड़ी वारदात का था प्लान**

## पांच-पांच लाख के इनामी माओवादी मुठभेड़ में ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

जिले के भेज्जी-चिंतागुफा के बीच स्थित तुमालपाड़ जंगल में रविवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता दर्ज की है। मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए हैं, जिनमें वह कुख्यात जनमिलिशिया कमांडर माड़वी देवा भी शामिल है, जिसे कोंटा के पास हुए आईईडी ब्लास्ट में एडिशनल एसपी आकाश राव की शहादत का मास्टरमाइंड माना जाता था। देवा पर कई निर्दोष ग्रामीणों की हत्या और बड़े हमलों की साजिशों का भी रिकॉर्ड दर्ज था। पुलिस ने उस पर पाँच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। डीआरजी को इलाके में माओवादियों के सक्रिय होने की पुख्ता सूचना मिली, जिसके बाद तड़के सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

घने जंगल और कठिन पहाड़ी इलाके में चली रुक-रुककर फायरिंग में दो महिला माओवादी-पोड़ियम गंगी, सीएनएम कमांडर, और सोड़ी गंगी, किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्य भी ढेर हुई। दोनों पर पाँच-पाँच लाख रुपये का इनाम था और दोनों कई नक्सली वारदातों में शामिल रही हैं। मुठभेड़ स्थल से सुरक्षा बलों ने .303 रायफल, बीजीएल लॉन्चर और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण के अनुसार, मारे गए उग्रवादी एक बड़े हमले की तैयारी में थे, लेकिन समय रहते कार्रवाई कर इसे विफल कर दिया गया।

### केवल सरेंडर ही एक मात्र विकल्प



उन्होंने बताया कि माड़वी देवा की मौत से कोंटा-किष्टाराम बेल्ट में माओवादियों की मिलिट्री गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है। बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि वर्ष 2025 में अब तक 233 माओवादी ढेर किए जा चुके हैं और संगठन अंतिम दौर में पहुंच चुका है। उन्होंने साफ कहा कि अब हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटना ही माओवादी कैडरों का एकमात्र विकल्प है। घटना के बाद डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ की टीमें पूरे इलाके में सर्चिंग कर रही हैं।

## कोरबा वन मंडल में हाथियों के झुंड कर रहे फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा।

वन मंडल कोरबा में घूम रहे 51 हाथी अब 4 झुंड बंट गए हैं। हाथियों ने बांधापाली के किसान की झोपड़ी को उजाड़ दिया। शाम होते ही हाथी चिंघाड़ने लगते हैं।

इससे ग्रामीण दहशत में हैं। हाथियों ने 20 एकड़ से अधिक धान की फसल को चौपट कर दिया। करतला रेंज के बेहरचुंआ में घूम रहे 9 हाथी और केराकछार में घूम रहे 19 हाथी एक हो गए हैं। ग्राम बांधपाली के किसान भीखाराम राठिया के खेत में बनी झोपड़ी को हाथियों ने तोड़ दिया। इसके बाद धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। किसान ने बताया कि हाथी 2 किलोमीटर दूर जंगल में हैं। भोजन की तलाश में निकलने के पहले चिघाड़ते हैं। इसकी वजह से शाम 4 बजने के बाद सभी किसान खेत से घर वापस आ जाते हैं। हाथियों से डर बना हुआ है। इसी तरह कोटमेर में घूम रहे 10 हाथियों ने तुरींकटरा, सुईआरा में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। कोरबा रेंज के दरगा में घूम रहे 10 हाथी चचिया के दो हाथियों के साथ मिल गए हैं।

**सवाल उठाने वाले दिग्विजय की गतिविधि गया और औरंगाबाद तक रही सीमित**

## बिहार जीतने कांग्रेस नेता कितने गंभीरः प्रचार शबाब पर आते ही एमपी में सिमटे स्टार प्रचारक जीतू, सेकेंड फेज से पहले पचमढ़ी आ गए राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


फाइल फोटो

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की चुनावी तैयारी और उसकी गंभीरता कितनी रही होगी, इसकी झलक मध्य प्रदेश से देखी जा सकती है।

जहां भरे चुनाव में एक स्टार प्रचारक ने बिहार चुनाव से दूरी बना ली, जबकि कांग्रेस के सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी भी इसी दौरान पचमढ़ी आ गए। वहां पर कांग्रेस 61 सीटों पर चुनाव लड़ी। इन सीटों पर प्रचार करने के लिए मध्य प्रदेश के दो नेताओं को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया था। कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की लिस्ट में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शामिल किए गए थे। जीतू पटवारी बिहार में तब तक सक्रिय रहे, जब तक चुनाव शबाब पर नहीं आया था। जब चुनाव में मतदान का समय नजदीक आ गया तो पटवारी पचमढ़ी में जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में व्यस्त हो गए।

### 2 से 11 नवंबर तक चला शिविर

यह शिविर 2 से 11 नवंबर तक चला था। इस दौरान पटवारी बिहार चुनाव प्रचार में नहीं गए। यहां पर पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जो स्टार प्रचारक के रूप में बिहार तो गए, लेकिन उनकी गतिविधि गया और औरंगाबाद जिले तक ही सीमित रही। उनकी यह सीमित उपस्थिति भी कांग्रेस की प्रचार रणनीति को लेकर चर्चा का कारण बनी। बिहार चुनाव में कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा राहुल गांधी स्वयं 8 और 9 नवम्बर को पचमढ़ी आ गए।

### बिहार चुनाव परिणाम पर दिग्विजय सिंह का तंज, बोले- ऐसे चुनाव नार्थ कोरिया, रूस और चीन में होते हैं, सारे वोट एक पार्टी को जाते हैं


फाइल फोटो

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने बिहार चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि चुनावों की स्थिति नॉर्थ कोरिया, रूस और चीन जैसी होती जा रही है, जहां एक ही पार्टी को सारे वोट मिल जाते हैं। बिहार चुनाव का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा 62 लाख वोट कटे और 20 लाख वोट जुड़े। किसके वोट कटे और किसके जुड़े, चुनाव आयोग ने जानकारी नहीं दी। ऐसे नतीजे तो नॉर्थ कोरिया और रूस में आते हैं।

## चिंतन

# करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह क्यों बढ़ी

बिहार चुनाव में करारी हार के बाद लालू यादव के परिवार की कलह घर से सड़क पर आ गई है। टकराव इतना बढ़ा कि लालू यादव को अपनी किड़नी देने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई है। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप चुनाव से पहले ही तेजस्वी से अलग हो गए थे। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन खास सफलता नहीं मिल पाई। अब रविवार सुबह रोहिणी ने एक इमोशनल पोस्ट कर कहा कि मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बनाया गया। मैंने रोते-रोते घर छोड़ा है। मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई। मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। आप सब मेरे रास्ते कभी न चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी-बहन न हो। इस पोस्ट के बाद रोहिणी ने लालू को किडनी देने वाले फोटो-वीडियोज को फेसबुक पर पिन भी किया। उनके शब्दों से साफ है कि हालात बहुत ज्यादा बिगड़ चुके हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी सियासी परिवार में टकराव हुआ हो। यूपी में 2016 के आखिर में भतीजे अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को 'साइकिल' से उतारकर पैदल कर दिया था। मुलायम कुनबे में सियासी कलह के चलते अखिलेश को 2017 के चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ा था और सपा सत्ता में फिर वापसी नहीं कर सकी। लालू परिवार में जंग से पहले केसीआर के नाम से चर्चित के. चंद्रशेखर राव की पार्टी में कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी कविता को भाइयों के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। पार्टी से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। महाराष्ट्र में बाला साहेब ठाकरे के वारिसों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे का टकराव भी सबके सामने है। शिवसेना की विरासत को लेकर मतभेद ने उन्हें अलग रास्तों पर ला खड़ा किया। 2006 में उद्धव को कमान सौंपने से खफा होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सत्ता संघर्ष के कारण पार्टी दोफाड़ हो गई। अजित पवार महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर संघर्ष किसी से छिपा नहीं है। हरियाणा में देवीलाल की विरासत की जंग में परिवार बिखर गया। बाद में उनके बेटे ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अभय चौटाला और अजय चौटाला के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर खूब कलह हुई। अजय चौटाला ने जजपा का गठन करके भाजपा के साथ सरकार चलाई और भी कितने ही परिवार हैं, जिनमें सत्ता को लेकर टकराव रहा। लालू यादव परिवार की जंग में कुछ अलग नहीं है। हां, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में हार के बाद ऐसी कलह दर्द को और भी बढ़ाने वाली जरूर है।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी


# अब अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र

**सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलती दिखाई देगी।**

हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग की सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 फीसदी से अधिक है और लगभग 18.8 करोड़ लोगों या देश के कार्यबल के लगभग 30 फीसदी को रोजगार देता है। रिपोर्ट दर्शाती है कि सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है।

गौरतलब है कि देश में बढ़ता हुआ सेवा क्षेत्र बढ़ते हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) का आधार है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात बन गया है। इनसे न केवल विदेश व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद मिल रही है बल्कि इनसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा मिल रहा है। इस समय भारत सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल करते हुए वैश्विक सेवा निर्यात का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच भारत का सेवा निर्यात 193.18 अरब डॉलर के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

उम्मीद है कि यह इस चालू वित्त वर्ष के अंत तक 475 अरब डॉलर की रिकॉर्ड नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवा निर्यात 387.5 अरब डॉलर का ही रहा था। वर्ष 2013-14 में सेवा निर्यात का आकार महज 152 अरब डॉलर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक भारत ने वैश्विक सेवा निर्यात में 4.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अब दुनिया में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से टेलीकॉम, आईटी और बिजनेस सेवाओं की बदौलत संभव हो पाई है। ये क्षेत्र देश के कुल सेवा निर्यात का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रखते हैं। इनके साथ-साथ भारत सांस्कृतिक और मनोरंजन सेवा निर्यात में भी आगे हैं। सेवा निर्यात की मौजूदा प्रगति देश में हो रहे सेवा क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधारों, तकनीकी विकास और नई पीढ़ी की उच्च कौशल युक्त क्षमताओं के लाभों का परिणाम भी है। गौरतलब है कि सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर अमूर्त सेवाएं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है। खासतौर से भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। नैसकॉम और जिनोव की और से जारी इंडिया जीसीसी, लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1800 से अधिक जीसीसी हैं जिनसे 21 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। दुनिया के करीब 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ



भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान 1.5 प्रतिशत से अधिक है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर या जीसीसी जॉब मार्केट में नया चलन है। जीसीसी प्रमुख रूप से आईटी सपोर्ट, कस्टमर सर्विस, फाइनेंस, एचआर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में एआई इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ऐसे में भारत को सेवा क्षेत्र को मजबूत करते हुए सेवा निर्यात को तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अभी भी भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दर्शाता है। देश में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। जबकि देश के अधिकांश राज्य अभी भी सेवा क्षेत्र में तुलनात्मक रूप में पीछे बने हुए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश अपने संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और अर्थव्यवस्था के औपचारिक और शहरीकृत होने के साथ-साथ अभी भी सेवा क्षेत्र में और भी ज्यादा कर्मचारियों को शामिल करने की क्षमता है। सेवा क्षेत्र में लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष के अंतर पर भी ध्यान देना जरूरी है। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। भारत को अपने सेवा निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके सेवा निर्यात की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाना होंगे। अब हमें नई पीढ़ी को सेवा निर्यात की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को संबंधित देशों की भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर निवेश किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके। जहां सेवा निर्यात क्षेत्र के उपक्रमों को संगठित स्वरूप प्रदान करना और गिग कर्मियों तथा छोटे एवं मझोले उपक्रमों से जुड़े लोगों का संरक्षण आवश्यक है, वहीं, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों के डिजिटल कौशल में निवेश, तकनीक और हरित कौशल को प्रशिक्षण और छोटे एवं मझोले शहरों को नए सेवा क्षेत्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के मद्देनजर अहम कदम जरूरी हैं। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में सेवा निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाएं प्रमुख रूप से पायथन, जावा, सी प्लस प्लस, आर और जूलिया में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के कई गुना प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और इससे देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलते हुए दिखाई दे सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पड़ोस
प्रो. आरके जैन



# संवैधानिक संशोधन या सैन्य क्रांति की शुरुआत

पाकिस्तान की संसद ने ऐसा संवैधानिक संशोधन पारित कर दिया है, जिसने देश की सैन्य शक्ति-संरचना और न्यायिक संतुलन को लगभग पूरी तरह नया अर्थ दे दिया है। अनुच्छेद 243 में संशोधन कर 27 नवंबर 2025 से चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी का पद समाप्त कर सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनिर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' का सर्वोच्च पद सौंपा गया, जो थल, जल और वायु-तीनों सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखेगा। मुनिर को आजीवन फील्ड मार्शल (पांच सितारा) रैंक, सम्मान और विशेषाधिकार के साथ-साथ अनुच्छेद 248 के तहत राष्ट्रपति जैसी कानूनी छूट दी गई है, जिसके तहत कोई अदालत, पद पर हों या सेवानिवृत्त, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती। इन विशेषाधिकारों को हटाने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। एक ऐसी बाधा, जो मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में लगभग अजेय है। मुनिर का कार्यकाल 2030 तक बढ़ाकर इस संशोधन ने सैन्य प्रभुत्व को संवैधानिक ढाल प्रदान कर दी है। पाकिस्तान की संसद ने 27वें संवैधानिक संशोधन को ऐसी तीव्र गति से पारित किया कि विपक्ष को विचार-विमर्श का कोई अवसर ही नहीं मिला। 11 नवंबर 2025 को ऊपरी सदन (सिनेट) में यह बिल 64-0 के एकतरफा मत से स्वीकृत हुआ, जबकि निचले सदन (नेशनल असेंबली) में महज चार सांसदों ने इसका विरोध किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों ने बिल की प्रतियां फाड़कर और वॉकआउट करके विरोध जताया, किंतु यह प्रयास केवल प्रतीकात्मक रह गया। इस संशोधन का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू न्यायपालिका पर इसका सीधा हमला है। संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन कर एक नई 'फेडरल कांस्टीट्यूशनल कोर्ट' (एफसीसी) की स्थापना की गई है, जो सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर होगी और संवैधानिक मामलों पर सर्वोच्च अधिकार रखेगी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अदालत के जजों की नियुक्ति प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति करेंगे, वह भी बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया, किसी सुनवाई, किसी स्वतंत्र आयोग, कुछ भी नहीं। संवैधानिक विवाद, संघ और प्रांतों के झगड़े, कानूनों की वैधता, और सलाहकारी राय, सब कुछ अब एफसीसी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट को एक "अपीलीय अदालत" जितना सीमित कर दिया गया है। जहां वह केवल नागरिक और आपराधिक मामलों की समीक्षा भर कर सकेगी। इसके अलावा, एफसीसी को उच्च राजद्रोह के मामलों को मान्य करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आलोचकों की नज़र में यह स्पष्ट संकेत है कि सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जवाबदेही के रास्ते को व्यवस्थित रूप से बंद किया जा रहा है—ताकि सत्ता के असली धागे जिन हाथों में हैं, वे हाथ कभी कटघरे में न खड़े हों। संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे न्यायिक मौत₹ और ₹सैन्य सर्वोच्चता₹ कहा है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान (एचआरसीपी) ने तो इसे साफ-साफ "लोकतंत्र का अंतिम संस्कार" घोषित किया है। यह संशोधन सिर्फ एक कानूनी परिवर्तन नहीं; यह पाकिस्तान के लोकतांत्रिक ढांचे की जड़ों में डाली गई दरार है, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों में और भी गहरी सुनाई देगी। पाकिस्तान का इतिहास सत्ता पर सैन्य छायाओं से इतना घिरा रहा है कि लोकतंत्र वहां हमेशा एक अधखुली खिड़की की तरह रहा, कभी खुलने की कोशिश करता, तो कभी किसी ताकतवर हाथ द्वारा फिर से बंद कर दिया जाता। 1947 की आज़ादी से लेकर आज तक के लगभग 78 वर्षों में से आधे से भी अधिक समय देश सीधे सैन्य शासन के पंजों में रहा। अयूब ख़ान, याह्या ख़ान, ज़िया-उल-हक़ और परवेज़ मुशर्रफ़, इन जनरलों की दास्तानें पाकिस्तान की सत्ता-कहानियों में किसी अध्याय की तरह नहीं, बल्कि पूरी किताबों की तरह फैली हुई हैं। सरकार का तर्क है कि अनुच्छेद 243 में बदलाव केवल "प्रक्रियागत स्पष्टता" और "प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन" के लिए हैं, और सेना प्रमुख को एक "राष्ट्रीय नायक" की उपाधि मिलनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ को इसकी निंदा करनी चाहिए, क्योंकि यह न केवल पाकिस्तानी नागरिकों के अधिकारों को कुचलता है बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत के लिए, यह एक चेतावनी है, पड़ोसी की राजनीतिक गिरावट कभी सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। मजबूत सीमाएं, कूटनीतिक सतर्कता और आर्थिक एकीकरण ही सच्चा रास्ता है। पाकिस्तान के लोग, जो लोकतंत्र की आशा में सड़कों पर उतरते रहे हैं, अब एक नए संघर्ष के दहलीज़ पर खड़े हैं, एक ऐसा संघर्ष जहां उनकी आवाज दबाने के लिए संविधान ही हथियार बन गया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

# शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया पहली बार वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

–विनोद कुमार साहू, रायपुर

## करंट अफेयर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध ने पकड़ा जोर

मेक्सिको में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जेनरेशन जेड' द्वारा आहूत प्रदर्शन के समर्थन में शनिवार को यहां हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इस विरोध प्रदर्शन का विपक्षी दलों के विभिन्न आयुवर्ग के लोगों ने भी समर्थन किया प्रदर्शन में कुछ युवाओं की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, पटाखों, लाठियों एवं जंजीरों से हमला किया और पुलिस की ढालें एवं अन्य उपकरण छीन लिए। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। इस संबंध में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 1990 के दशक के अंत और 2010 के प्रारंभ के बीच जन्मे लोगों ने इस वर्ष कई देशों में असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किए हैं। नेपाल में हाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में सबसे बड़ा 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसके कारण उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। मेक्सिको में कई युवाओं का कहना है कि वे भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों के लिए दंड से मुक्ति जैसी प्रणालीगत समस्याओं से निराश हैं। युवाओं द्वारा आहूत इस प्रदर्शन में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए।



## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।



## ट्रेंड

### उद्यम की भावना



आज बिहार में हर तरफ विकास की ललक साफ नजर आती है। मैंने कई अवसरों पर यह महसूस किया है कि यहां के मेरे भाई-बहनों में उद्यम की भावना काफी प्रबल है, जिससे पता चलता है कि बिहार के लोग क्यों दुनियाभर में छाए हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुमनाम नायक



हमारी सरकार ने उन गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान और संघर्ष का स्मरण और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश में पासी समाज के वीरों, वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री


### परिणाम की समीक्षा करेंगे



बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### मजबूत नींव



आज जब हम नई सड़कें बना रहे हैं, स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बना रहे हैं तो यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव खड़ी हो रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राजभवन में हथियार बांटे जाने के आरोपों पर बरसे राज्यपाल बोस

# टीएमसी सांसद माफी मांगें वरना हम करेंगे कानूनी कार्रवाई

## कल्याण का आरोप- राजभवन में बांटे जा रहे हथियार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी सांसद को दी चेतावनी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी के उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कल्याण बेनर्जी ने आरोप लगाया था कि राजभवन में हथियार बांटे जाते हैं। राज्यपाल ने आरोपों को आधारहीन बताया और चेतावनी दी कि अगर टीएमसी सांसद ने माफी नहीं मांगी तो वे कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं।



पश्चिम बंगाल का राजभवन

“राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है?

### राज्यपाल ने कहा- गंभीर परिणाम संभव



बोस ने कहा कि 'जो आरोप लगाए गए हैं, उनके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। जब सत्ताधारी पार्टी के सांसद कहते हैं कि राजभवन में हथियार उपलब्ध हैं तो इसका मतलब ये है कि उनका अपने ही राज्य की पुलिस पर भरोसा नहीं है? क्या इसके पीछे कोई अंदरूनी राजनीति है? राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में हथियारों को ढूंढने की बात ऐसी है, जैसे कोई दृष्टिहीन व्यक्ति एक अंधेरे कमरे में काली बिल्ली को ढूंढ रहा हो, जो कि वहां है ही नहीं। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन लोगों के लिए खुला है। उन्होंने कहा कि सुबह 5 बजे से लेकर आम लोग, नागरिक समाज के लोग, मीडियाकर्मी राजभवन आकर देख सकते हैं कि क्या राजभवन में हथियार हैं या नहीं?

### कानूनी सलाह लेंगे

बोस ने कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के आरोप पर कानूनी राय मांगी है। उन्होंने टीएमसी सांसद के बयान की निंदा करते हुए शेक्सपियर की एक कविता का एक अंश पढ़ा कि कि यह एक मूर्ख द्वारा सुनाई गई कहानी है, जो शोर और रोष से भरी है, जिसका कोई मतलब नहीं है।

### लोकसभा के स्पीकर को भी लिखा पत्र

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के दरवाजे सुबह 5 बजे से खुले रखे गए हैं और वह बेनर्जी के आने और उनके द्वारा उठाए गए मुद्दो के सबूत इकट्ठा करने के लिए निरीक्षण करने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह अपनी कही बात साबित करने में नाकाम रहते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए? राजभवन ने एक बयान में बताया कि राज्यपाल इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष को भी पत्र लिख रहे हैं, क्योंकि टीएमसी सांसद ने गंभीर आरोप लगाए हैं।

### टीएमसी सांसद ने राजभवन पर लगाए थे गंभीर आरोप

टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस



भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुला रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। उन्होंने कहा कि 'बंगाल के राज्यपाल को कह दें कि वे भाजपा के अपराधियों को राजभवन में बुलाना बंद करें। वह उन्हें वहां रख रहे हैं और उन्हें हथियार दे रहे हैं ताकि वे टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले कर सकें। जब तक ये राज्यपाल, राजभवन में हैं, तब तक बंगाल के साथ कुछ अच्छा नहीं हो सकता।

---

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने की सीएम साय की सराहना



**रायपुर।** गुजरात के डेडियापाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से छग के जनजातीय समाज, राज्य सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि देश में जनजातीय समाज की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व से भारत के विकास की नई पहचान बन रही है।

### अकेले ही निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस महाराष्ट्र में



**मुंबई।** बिहार विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस के भीतर भी हलचल तेज हो गई है। महाराष्ट्र में निकाय चुनाव होने वाले हैं और इसी बीच कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह महा विकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया।

### बच्ची को स्कूल ने दी सजा इलाज के दौरान मौत



**वसई।** महाराष्ट्र के वसई में एक दुखी करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक स्कूल में 10 मिनट देरी से आने पर अध्यापक ने 13 साल की बच्ची को बैग कंधे पर टांगकर 100 उठक-बैठक करने की सजा दी। बच्ची की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई।

### ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में 6 श्रद्धालुओं की मौत



**जयपुर।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। इसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

## बहन रोहिणी आचार्य के अपमान पर भड़के तेजप्रताप दो टूक बोले

# अब सुदर्शन चक्र चलेगा, सुन लो जयचंदों जो कर रहे उसका परिणाम भयावह होगा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह बढ़ गया है। रोहिणी आचार्य ने अपने छोटे भाई तेजस्वी यादव और उनके सहयोगी संजय यादव और रमीज पर गंभीर आरोप लगाया। वहीं बहन रोहिणी के अपमान पर लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव भड़क गए। रोहिणी आचार्या के घर और पार्टी छोड़ने के बयान के बाद अब तेज प्रताप यादव का बयान सामने आया है, जिसमें वह गुस्से में नजर आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी बहन का जो अपमान करेगा उस पर कृष्ण का सुदर्शन चक्र चलेगा। तेज प्रताप ने कहा कि रोहिणी दीदी जो बात कह रही है, वह अपनी जगह बिल्कुल सही कह रही हैं। एक मां होने के नाते, एक महिला होने के नाते, एक बहन होने के नाते उन्होंने जो सराहनीय काम उन्होंने किया है, वह शायद ही कोई बेटी या कोई बहन या कोई मां कर सकती है। यह हमारे लिए और सभी महिलाओं के लिए ये पूरे तरीके से ये पूजनीय हैं और सदैव इनकी चर्चा कि जाएगी। यह एक इतिहास रहेगा।

### बहन रोहिणी ने एक सराहनीय काम किया

लालू के बड़े बेटे ने कहा- दीदी ने जो कहा वह यथार्थ

लालू के बड़े बेटे ने कहा-इसकी चर्चा लंबे समय तक की जाएगी


बहन रोहिणी के साथ बड़े भाई तेज प्रताप

### घटना ने दिल को झकझोर दिया, जनता जमीन में गाड़ देगी

तेज प्रताप ने जनशक्ति जनता दल के इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा है कि इस घटना ने दिल को भीतर तक झकझोर दिया है। इस अन्याय का परिणाम बेहद भयावह होगा। समय का लेखा-जोखा बड़ा कठोर है। मैं आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मेरे पिता, मेरे राजनीतिक गुरु लालू प्रसाद जी से आग्रह करता हूं-पिता जी, एक संकेत दीजिए... आपका केवल एक इशारा और बिहार की जनता इन जयचंदों को जमीन में गाड़ देने का काम खुद कर देगी। यह लड़ाई किसी दल की नहीं- परिवार के सम्मान, बेटी की गरिमा और बिहार के स्वाभिमान की लड़ाई है।

### पिता परिवार की मदद करना गुनाह हो गया

रोहिणी ने सबसे पहले एयरपोर्ट पर अपने अपमान की बात कही थी। उन्होंने कहा कि मैंने अपना मायका और राजद से अलग हो गई हूं। उन्होंने दो नाम लिया और कहा कि यह बात अब आपलोग खुद को चाणक्य कहने वाले संजय यादव और रफीज से पूछिए। तेजस्वी से पूछिए। अब तो स्थिति यह हो गई है कि इनका नाम लेने पर चप्पल से मारा जाता है, अपमानित किया जाता है और घर से निकाला जाता है। मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी।



### लालू की तीन बेटियों ने पटना छोड़ा

परिवार में मचे धमासान के बाद लालू की तीन बेटी पटना से रवाना हो गई हैं। परिवार और बच्चों के साथ वह दिल्ली रवाना हुई हैं. रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव दिल्ली रवाना हुई हैं।

### बागी नेत्री ने भी बोला हमला
### खुद को समझ रहे थे चाणक्य...



तेजस्वी के करीबी और राजद के सांसद संजय यादव पर हमला बोलने वालों में केवल अब रोहिणी आचार्य ही अकेली नहीं रह गई हैं। उन्हें निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली रितु जायसवाल का साथ मिल चुका है। रितु ने संजय के खिलाफ बड़ा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव रिजल्ट की एक तस्वीर भी साझा की। रितु ने कहा वे चाणक्य समझ रहे थे।

### रोहिणी मामले में बोले चिराग
### मैंने लालू परिवार को अपना माना



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करूंगा क्योंकि मैं समझ सकता हूं कि जब कोई परिवार ऐसी मुश्किल स्थिति से गुजरता है। इससे मैं भी गुजरा हूं। हमारे बीच राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमेशा मैंने लालू यादव के परिवार को अपना माना है। चाहे तेजस्वी हों, तेज हों, रोहिणी या मीसा हों।

### तेजस्वी ने आज बुलाई बैठक
### नेता विपक्ष का चुनाव भी होगा

बिहार चुनाव में बड़ी हार झेलने के बाद अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन का दौर है। अब राष्ट्रीय जनता दल में मंथन की बारी है। इस बीच तेजस्वी यादव ने अब पार्टी के विधायकों और हारे हुए प्रत्याशियों की अहम बैठक पटना में बुलाई है। तेजस्वी के पटना स्थित 1पोलो रोड पर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे राजद के प्रत्याशियों एवं निर्वाचित विधायकों की बैठक बुलाई है। नेता काभी चुनाव हो सकता है।

---

## दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मनाए गए हरियाणा स्टेट डे पर पहुंचे कृषि मंत्री श्याम

# अन्न के भंडार भरने हों या देश के लिए मेडल लाने हों, हरियाणा हमेशा आगेः राणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में रविवार को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा 1966 में बना था, तब मात्र 90 करोड़ बजट था, लोग चर्चाएं करते थे कि यह प्रदेश कैसे चलेगा लेकिन हरियाणा ने तरक्की की और आज कृषि हो या उद्योग हर क्षेत्र में हरियाणा तरक्की कर रहा है। भारत की सेना में हरियाणा के 11 प्रतिशत जवानों का योगदान है, प्रदेश के जवान देश सेवा में भी पीछे नहीं है। वहीं कृषि क्षेत्र की बात करें तो हरियाणा अन्न के भंडार भरने में अग्रणी राज्य है। वहीं देश के लिए मेडल लाने की बात हो तो हमारे खिलाड़ी इसमें भी सबसे आगे हैं।

राणा ने हरियाणा स्टेट-डे के आयोजन पर मेले में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम व्यापार मेले में हरियाणा पैवेलियन का अवलोकन किया और अलग-अलग स्टॉल पर जाकर जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने मेले में एम्फी थियेटर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी प्रस्तुतियों को देखा।

इस मौके पर हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। कलाकारों ने हरियाणवी नृत्य, हरियाणवी फॉक बैंड, हरियाणवी रागणी, हास्य कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दी। वहीं पैवेलियन के बाहर बंचारी नंगाड़ा, बीन, डेरू आदि कलाकारों की पार्टियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रतुतियां दी। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासक श्यामल प्रसाद, महाप्रबंधक गरिमा मित्तल, प्रशासक विनय प्रताप सिंह, चीफ मैनेजर अनिल कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति अधिकारी मूर्तिकला हदय कौशल, कला एवं संस्कृति अधिकारी चित्रकला रेणू हुड्डा, कला एवं संस्कृति अधिकारी संगीत दीपिका व अन्य मौजूद रहे।

राणा ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को नौकरी देने का काम किया। इसी परंपरा को मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निभाया और आज युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था में हरियाणा का अहम योगदान है। प्रदेश सरकार ने पराली प्रबंधन में अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की जा रही योजनाओं को राज्य में बेहतर तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। गुरुग्राम और हिसार में प्राकृतिक खेती की मंडी बनाई जाएगी।

---

वित्तमंत्री सीतारमण ने एनआईईएलआईटी में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ की बात

# सरकार ने पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे, निवेश कौशल विकास में सर्वोच्च प्राथमिकता दी

## 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल समावेश पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोहिमा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने बुनियादी ढांचे, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में पूर्वोत्तर को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।उन्होंने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) कोहिमा में छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। प्रतिभागियों ने उनसे 'एक्ट ईस्ट' नीति, उभरती प्रौद्योगिकियों, महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण और डिजिटल समावेश से जुड़े सवाल किए।

### राजमार्गों, हवाई अड्डों में तेजी से सुधार हो रहा



ऋषभ सेठी के नवाचार और व्यापार के लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति का लाभ उठाने के बारे में कहा कि विकास, कौशल और निवेश के संदर्भ में पूर्वोत्तर को नीति के केंद्र में रखा गया है। इस क्षेत्र को अब मजबूत संपर्क, बेहतर डिजिटल बुनियादी ढांचे और व्यापक बाजार पहुंच का समर्थन प्राप्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक में तेजी से सुधार हो रहा है।

**राशि का सही प्रबंधन और नियंत्रण रखें**

सीतारमण ने कहा कि भारतीय महिलाएं पारंपरिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करती रही हैं और अब आधुनिक अवसर अधिक मजबूत वित्तीय स्वतंत्रता पर जोर देते हैं। अपने पैसे पर नियंत्रण रखें, उसका प्रबंधन करें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें।

### डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रहीं

सीतारमण ने कहा कि क्षमताओं में वृद्धि हुई है और डिजिटल क्षमताएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। दक्षिण पूर्व एशिया के साथ भारत के जुड़ाव के लिहाज से इस क्षेत्र का विशेष महत्व है। एआई और रोबोटिक्स के बीच भारत के डिजिटल भविष्य पर एक सवाल के जवाब में उन्होंने राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की छात्रों की आकांक्षा की प्रशंसा की।उन्होंने युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, विशेष रूप से नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सावधान रहने के लिए आगाह किया।

---

## पटेल की 150वीं जयंती पर मार्च


अहमदाबाद। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को अहमदाबाद में लोग राष्ट्रीय ध्वज थामे मार्च में भाग लेते हुए।

---

मंत्री प्रियांक ने संघ पर ली चुटकी

# 100 साल में पहली बार नियमों का पालन कर रहा आरएसएस

## कलबुर्गी में कर्नाटक के मंत्री ने किया कटाक्ष

एजेंसी ▶▶ कलबुर्गी

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने रविवार को आरएसएस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि संगठन '100 साल में पहली बार' नियमों का पालन करते हुए रूट मार्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार चित्तापुर में होने वाले मार्च के लिए आरएसएस ने कानूनी और संवैधानिक अनुमति ली है, जो पहले नहीं देखा गया था।उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन ने कड़े नियम और शर्तें लगाई हैं। अगर शर्तें नहीं मानी तो कानून के मुताबिक कार्रवाई होगी।



### यह है मामला

चित्तापुर से आरएसएस ने रूट मार्च निकालने की योजना बनाई थी। शुरुआत में जिला प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद संगठन अदालत पहुंचा और वहीं से इजाजत मिली। खरगे ने कहा कि वे मार्च के खिलाफ नहीं हैं, बस नियमों के पालन पर जोर है।

**मार्च से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

मार्च शुरू होने से पहले बजाज कल्याण मंटप के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। बम निरोधक दस्ता और स्निफर डॉग्स ने जगह-जगह जांच की है। इसमें पेड़ों से लेकर इमारतों की छतों तक पर नजर रखी जा रही है। भारी पुलिस बल तैनात है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

---

## भाजपा नेता मुरली मनोहर ने 'अनश्वर' के विमोचन पर कहा

# तिब्बती लोगों को नमन, कभी चीन पर था तिब्बत का शासन

## 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा कि 14वें दलाई लामा की अहिंसा की शिक्षाओं के जरिए ही तिब्बत का पुनरोत्थान होगा। उन्होंने निर्वासित तिब्बती बौद्धों की भावनाओं की सराहना की। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो की हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी की किताब 'अनश्वर' के विमोचन पर भाजपा नेता ने ये बात कही। उनकी हिंदी में पहली अधिकृत जीवनी पत्रकार-लेखक अरविंद यादव ने ये किताब लिखी है। इसमें पूर्व सांसद कर्ण सिंह और तिब्बत हाउस के निदेश गेशे दोरजी दामदुल मौजूद रहे। सर्व भाषा ट्रस्ट की ओर से प्रकाशित यह किताब दलाई लामा के जीवन के पलों को दर्शाती है, जिनमें अमदो में बचपन से लेकर दलाई लामा के तौर पर मान्यता, तिब्बत पर चीन के कब्जे, उनके निर्वासन और एक वैश्विक आध्यात्मिक प्रतीक है।

### तिब्बती बौद्धों ने बहुत कुछ सहा


मुरली मनोहर जोशी

जोशी ने कहा मैं तिब्बती बौद्धों और तिब्बती लोगों को नमन करता हूं कि उन्होंने अपने गुरु, उनके आदर्शों और उनके निर्देशों के लिए कितना कुछ सहा और स्वीकार किया है। फिर भी वे अपने सिद्धांतों से कभी नहीं डिगे। यहां आकर रहने वाले तिब्बती लोगों ने बहुत दिक्कतें सहीं। उनके सामने इतनी सारी परिस्थितियां आईं कि अगर कोई और या कोई दूसरा समुदाय होता तो वे विद्रोह कर देते या जिंदा रहने के लिए अपने मूल्यों को पूरी तरह बदल देते।

**एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन संभव**

उन्होंने दावा किया कि एक समय था, जब चीन खुद तिब्बत के अंदर आता था। तिब्बत प्रशासन के अंतर्गत चीन का इलाका आता था। ये संभव है कि एक दिन चीन पर तिब्बत का शासन होगा। वह उन्हें बताएगा कि इस तरह की चीज कभी नहीं करनी है और इस गलती को दोबारा नहीं दोहराना है।

### बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया

उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्मगुरु ने सभी को अहिंसा और सद्भाव के सिद्धांत सिखाए। तिब्बत एक बार फिर से उठ खड़ा होगा और अपनी जमीन पर फिर से हक जमाएगा। मैं जानता हूं कि वह दिन आएगा। हो सकता है कि मेरे जीवित रहते ये ना हो, लेकिन ऐसा होगा। जोशी ने कहा कि बहुत कम लोग जानते हैं कि बौद्ध धर्म से चीन का परिचय तिब्बत ने ही कराया था। भारत से बौद्ध धर्म बाद में चीन पहुंचा, लेकिन पहले तिब्बतियों ने ही चीन में बौद्ध धर्म पहुंचाया।

# नए अंदाज में अनवील टाटा सिएरा, मॉडर्न डिजाइन के साथ एडवांस फीचर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपनी आइकॉनिक एसयूवी टाटा सिएरा को एक बार फिर नए अंदाज में पेश कर दिया है। बता दें कि 90 के दशक की यह फेमस एसयूवी भारत में एक कल्ट स्टेटस रखती है।

- कंपनी प्रीमियर केबिन के साथ वापस लेकर आई

अब कंपनी इसे मॉडर्न डिजाइन, एडवांस फीचर्स और प्रीमियम केबिन के साथ वापस लेकर आई है। कॉन्सेप्ट से लेकर प्री-प्रोडक्शन तक, सिएरा कई बार ऑटो शो में दिख चुकी थी। हालांकि, इस बार आखिरकार इसके सभी फीचर्स और डिजाइन डिटेल्स ऑफिशियल तौर पर सामने रख दिए गए हैं। नई सिएरा पुराने मॉडल की तरह बॉक्सी और दमदार स्टांस तो रखती है।

## भारत में 90 के दशक में यह फेमस एसयूवी रही है

### इम्प्रेसिव हैं एसयूवी का केबिन

अंदर का केबिन भी उतना ही इम्प्रेसिव है। सिएरा में तीन डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं जिनमें एक ड्राइवर डिस्प्ले और दो इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। वहीं, इसमें टाटा कर्व वाला नया 4-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, इल्युमिनेटेड टाटा लोगो और टच-सेंसिटिव कंट्रोल्स के साथ काफी फ्यूचरिस्टिक लगता है। केबिन में ब्लैक-ग्रे थीम और बड़ा पैनोरमिक सनरूफ दिया गया है जो सी-पिलर तक जाता है और अंदर को बेहद आर्मी और ओपन फील कराता है।



### कुछ ऐसा है पावरट्रेन

फीचर्स की बात करें तो टाटा सिएरा में डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, रियर सनशेड्स, 360 कैमरा, और लेवल-2 एडास जैसे हाई-टेक फीचर्स मिलते हैं। जबकि पावरट्रेन के तौर पर एसयूवी में नया 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा जो करीब 170बीएचपी की पावर और 280एनएम का टार्क आउटपुट देगा। इसके अलावा, एक 1.5-लीटर एनए पेट्रोल और कर्व/नेक्स वाला 1.5-लीटर डीजल इंजन भी रहेगा।

### ग्लास सेक्शन पुरानी सिएरा की याद ताजा करती है

*डिजाइन की बात करें तो नई सिएरा पुराने मॉडल की तरह बॉक्सी और दमदार स्टांस तो रखती है। फ्रंट में बड़े ग्लॉस-ब्लैक पैनल, स्टाइलिश एलईडी हेडलैंप्स, डीआरएल, और एक स्लीक लाइट स्ट्रिप इसे बेहद प्रीमियम फील देते हैं। बंपर में लगा स्किड प्लेट और फॉग लैंप्स एसयूवी के लुक को और ज्यादा मजबूत बनाते हैं। साइड प्रोफाइल में फ्लश डोर हैंडल्स और बी और सी पिलर के बीच दिया गया बड़ा ग्लास सेक्शन पुराने सिएरा की याद दिलाता है। इसे सपोर्ट देते हैं 19-इंच अलॉय व्हील्स और मस्कुलर व्हील आर्च क्लैडिंग। पीछे की तरफ फुल-विड्थ एलईडी लाइट बार इसे पूरी तरह मॉडर्न, इंटरनेशनल एसयूवी जैसा लुक देती है।*

## खबर संक्षेप

### जीएसटी सुधारों के बाद बीमा कारोबार में वृद्धि



**मुंबई।** बीमा नियामक इरडा के सदस्य दीपक सूद ने कहा कि 22 सितंबर को जीएसटी में हुए सुधारों के बाद बीमा व्यवसाय में काफी वृद्धि हुई है। सरकार ने जीएसटी को शून्य करके बीमा को दैनिक आवश्यकताओं के बराबर ला दिया है और अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि बीमा प्रसार को व्यापक बनाए।

### भारत, ईएईयू ने व्यापार करार के मसौदे की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक आयोग ने वस्तुओं के क्षेत्र में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के मसौदे की समीक्षा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष 20 अगस्त को भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए।

### डिश टीवी का घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपए के पार



**नई दिल्ली।** डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा प्रदाता कंपनी डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 37.38 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई

## सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने दी जानकारी

# नए प्रतिबंधों के बीच भारत ने अक्टूबर में रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूसी कच्चे तेल के दूसरे सबसे बड़े खरीदार भारत ने रूसी इकाइयों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने से पहले अक्टूबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 2.5 अरब यूरो तक खर्च किए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। अक्टूबर में भारत का रूसी तेल की खरीद पर खर्च सितंबर के समान 2.5 अरब यूरो पर रहा।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के अनुसार, अक्टूबर में चीन के बाद भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। 22 अक्टूबर को, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण के लिए क्रेमलिन के संसाधनों को कम करने के लिए रूस की दो सबसे बड़े तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### रिलायंस, एचपीसीएल मित्तल एनर्जी व मैंगलोर रिफाइनरी ने आयात रोका

इन प्रतिबंधों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है। रूस ने अक्टूबर में छह करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा, जिसमें रोसनेफ्ट और लुकऑयल का कुल मिलाकर 4.5 करोड़ बैरल का योगदान था।

### कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत

*सीआरईए ने अपनी मासिक निगरानी रिपोर्ट में कहा, "भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा, जिसने कुल 3.1 अरब यूरो का आयात किया। भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत (2.5 अरब यूरो) रहा, उसके बाद कोयले का 11 प्रतिशत (35.1 करोड़ यूरो) और तेल उत्पादों का सात प्रतिशत (22.2 करोड़ यूरो) रहा।"*

- भारत रूस से दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार
- प्रतिबंध से पहले अक्टूबर में रूस से तेल खरीदी पर 2 .5 यूरो खर्च
- रूसी तेल कंपनी रोसनेक्ट और लुकऑयल पर लगाया प्रतिबंध

### रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों पर प्रतिबंध नहीं

इसके विपरीत, अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का आयात 140 प्रतिशत बढ़कर 9.3 करोड़ यूरो हो गया और अमेरिका का आयात भी 17 प्रतिशत बढ़कर 12.66 करोड़ यूरो हो गया। इन दोनों देशों ने अभी तक रूसी कच्चे तेल से बने तेल उत्पादों पर प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है।



### कच्चे तेल के आयात पर कुल 3.6 अरब यूरो खर्च

*सितंबर में, भारत ने कुल 3.6 अरब यूरो खर्च किए थे। इसमें कच्चे तेल पर 2.5 अरब यूरो, कोयले पर 45.2 करोड़ यूरो और तेल उत्पादों पर 34.4 करोड़ यूरो शामिल हैं। सीआरईए के अनुसार, अक्टूबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में माह-दर-माह आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जहां निजी रिफाइनरियों का आयात भारत के कुल आयात का दो-तिहाई से अधिक था, वहीं सरकारी स्वामित्व वाली रिफाइनरियों ने अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर अपने रूसी आयात की मात्रा लगभग दोगुनी कर दी।*

### रोसनेफ्ट पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन का प्रतिबंध

इसमें कहा गया है कि एक उल्लेखनीय घटनाक्रम में, रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली वाडिनार रिफाइनरी (गुजरात में) - जिस पर अब यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगा दिया है - ने अक्टूबर में अपना उत्पादन 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। जुलाई में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद, रिफाइनरी केवल रूस से ही कच्चा तेल आयात कर रही है। अक्टूबर में, रूस से उनके आयात में मासिक आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से उनकी उच्चतम मात्रा थी।

### रिफाइनरी से निर्यात में गिरावट

रिफाइनरी से निर्यात में उल्लेखनीय गिरावट आई है (पिछले साल इसी महीने की तुलना में 47 प्रतिशत) और यह मई, 2023 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गया है, सीआरईए ने कहा, अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली छह भारतीय और तुर्की रिफाइनरियों से प्रतिबंधित देशों के आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की कमी आई।

# यामाहा मोटर इंडिया को निर्यात में 25 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- कंपनी चेन्नई कारखाने को वैश्विक बाजार के लिए निर्यात केंद्र बना रही
- यामाहा भारत से लगभग 55 देशों को निर्यात करती है

जापानी दोपहिया वाहन कंपनी यामाहा को उम्मीद है कि इस साल भारत से उसका निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ेगा और वह अपने चेन्नई कारखाने को वैश्विक बाजार, खासकर विकसित देशों के लिए निर्यात केंद्र बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी और यामाहा मोटर इंडिया समूह के चेयरमैन इटारू ओटानी ने बताया कि कंपनी भारत से लगभग 55 देशों को निर्यात करती है। कंपनी भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तलाश करेगी। जब उनसे पूछा गया कि कंपनी इस साल भारत से अपने निर्यात को कैसे देख रही है, तो उन्होंने कहा, "हम इस साल निर्यात में 25 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।"

***अन्य बाजारों की भी खोज जारी :*** *ओटानी ने कहा कि कंपनी उन अन्य बाजारों की भी खोज कर रही है जहां उसके उत्पादों के लिए संभावनाएं हैं और जहां मांग है, वह निश्चित रूप से उन बाजारों पर भी विचार करेगी।*

***निर्यात वृद्धि का लक्ष्य तय :*** *ओटानी ने कहा, "इस समय हम 55 देशों को निर्यात करते हैं। कुल मिलाकर, हम (इस वर्ष) निर्यात में 25 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं।" यह पूछे जाने पर कि क्या यामाहा निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजारों की तलाश कर रही है, उन्होंने कहा, "हम विकसित देशों सहित अन्य बाजारों की योजना बना रहे हैं।"*

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# एक्साइड इंडस्ट्रीज का लाभ घटकर 173.6 करोड़ रुपए




**कोलकाता।** एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 26 प्रतिशत घटकर 173.64 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 233.40 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। तिमाही के दौरान परिचालन से एकीकृत राजस्व 1.9 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 4,364.51 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 4,450.00 करोड़ रुपये था। सितंबर 2025 को समाप्त छमाही में, एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1.3 प्रतिशत घटकर 448.22 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्तवर्ष 2024-25 की पहली छमाही में यह 454.15 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि तिमाही में उसका प्रदर्शन जीएसटी व्यवस्था में बदलाव के कारण प्रभावित हुआ।

# अमेरिकी बैंक से लेकर घरेलू आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

- पीएमआई आंकड़े व अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता की प्रगति पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ताओं में प्रगति आने वाले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुझानों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा, "बाजार की दिशा कुछ बड़े आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जैसे भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका में बेरोजगारी दावों के आंकड़े,



फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमओसी) की बैठक का ब्योरा, और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं में प्रगति। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण मजबूत बुनियादी बातों, स्पष्ट आय दृश्यता और संरचनात्मक अनुकूल परिस्थितियों वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

***तेजी जारी रहने की संभावना :*** *खेमका ने आगे कहा कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी रहने की संभावना है, जिसे मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, अच्छे तिमाही नतीजों और बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिले मजबूत चुनावी जनादेश से समर्थन मिलेगा, जिससे केंद्र में राजनीतिक स्थिरता को बल मिलेगा।"*

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुग्राम में मिशन साहसी का भव्य आयोजन जारी



**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन साहसी अभियान ने व्यापक रूप ले लिया है। महानगर क्षेत्र के 25 से अधिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक स्कूल में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। महारानी लक्ष्मीबाई जयंती के अवसर पर इन प्रशिक्षणों का सामूहिक प्रदर्शन किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष डॉ. योगिता राघव ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई साहस, नेतृत्व और राष्ट्रगौरव की शाश्वत प्रेरणा हैं। उनके आदर्शों से प्रेरित होकर एबीवीपी एवं एमउएम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'मिशन साहसी' नामक विशेष पहल की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा, जागरूकता तथा नेतृत्व कौशल से सशक्त करना है, ताकि हर बालिका में "वीरांगना"—अर्थात निडर और आत्मविश्वासी योद्धा—की भावना विकसित हो सके।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (दिल्ली उत्तर, दक्षिण एवं नई दिल्ली कार्यालय) द्वारा मेगा एमएसएमई एवं खुदरा आउटरीच कैंप का आयोजन

**नई दिल्ली ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली, उत्तर एवं दक्षिण द्वारा दिनांक 15 नवम्बर को "मेगा एमएसएमई एवं खुदरा आउटरीच कैंप" का साझा आयोजन, द मैडेंस क्राउन पीरागढ़ी में किया गया। नई दिल्ली के क्षेत्र प्रमुख, श्री हरि ओम वत्स ने अभिनंदन सम्बोधन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री कमल कान्त (सहायक निदेशक, भारतीय गुणवत्ता परिषद, भारत सरकार) थे। यूनियन बैंक के केन्द्रीय कार्यालय से उप महाप्रबंधक श्री के.एम. मिश्रा




(एमएसएमई विभाग), श्री अरुण कुमार (महाप्रबंधक, दिल्ली अंचल) एवं नई दिल्ली क्षेत्र प्रमुख श्री हरिओम वत्स, दिल्ली उत्तर क्षेत्र प्रमुख श्री राजकुमार, दिल्ली दक्षिण क्षेत्र प्रमुख श्री राजेश कुमार सहित सभी कार्यालयों के उपक्षेत्र प्रमुख सहित एमएलपी प्रमुख उपस्थित रहें. इस मेगा आउटरीच कैंप में 400 से अधिक ग्राहक शामिल हुए। बैंक के केन्द्रीय कार्यालय से उपस्थित उप-महाप्रबंधक द्वारा समस्त ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया गया। मेगा कैंप में उपस्थित ग्राहकों को एमएलपी प्रमुखों द्वारा पीपीटी के माध्यम से बैंक के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम उत्पाद (**MSME**) और सरकार द्वारा प्रायोजित (**Sponsored**) योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजय** पुत्र रामपाल, निवासी- ग्राम बेगपुर सोनई जिला. अलीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजकुमार का मकान, गाँव रानीखेड़ा, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 97/2017 धारा 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **संजय, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 97/2017 धारा 33/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना कंझावला, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री अपूर्व भारद्वाज**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कक्ष संख्या 113, उत्तर पश्चिम
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/15469/RD/2025

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6050




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6049 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | र | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |



# स्मरण ने जड़ा शतक, नायर ने खेली 95 रन की पारी, चंडीगढ़ के खिलाफ कर्नाटक की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▶▶| हुबली

प्रतिभाशाली रविचंद्रन स्मरण के नाबाद शतक और करुण नायर के 95 रनों की बदौलत कर्नाटक ने एलीट ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ पांच विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दिन का खेल खत्म होते समय स्मरण (नाबाद 110) के साथ श्रेयस गोपाल (नाबाद 38) के साथ क्रीज पर मौजूद थे। पिछले मैच में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन बनाने के बाद स्मरण का यह लगातार दूसरा शतक है।

कर्नाटक 64 रन तक कप्तान मयंक अग्रवाल, केवी अनीश और केएल श्रीजीत के विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में था लेकिन स्मरण और नायर ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के साथ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर (164 गेंद में 95 रन) भी शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बाएं हाथ के स्पिनर तनप्रीत सिंह ने विकेट के सामने लपक लिया।

### महाराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ बनाए 275 रन

महाराष्ट्र ने ग्रुप के अन्य मैच में अर्शिन कुलकर्णी के शतक और पृथ्वी साव के 74 रन की पारी से मुल्लांपुर में पंजाब के खिलाफ पांच विकेट पर 275 रन बना लिए। प्रेरक मंकड (नाबाद 88), अर्पित वसावड़ा (81) और जय गोहिल (68) की अर्धशतकीय पारियों से सौराष्ट्र ने राजकोट में गोवा के खिलाफ चार विकेट पर 317 रन बना लिए। मध्यप्रदेश ने इंदौर में सारांश जैन और अरशद खान के तीन-तीन विकेटों की बदौलत केरल के 246 रन तक सात विकेट चटका दिए। केरल के लिए बाबा अपराजित 81 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि अभिजीत प्रवीन (60) और अभिषेक नायर (47) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

रणजी ट्रॉफी



### बंगाल के खिलाफ असम ने बनाए 194 रन

कल्याणी। मध्यक्रम के बल्लेबाज स्वरूपम पुरकायस्थ के संयम से बनाए गए अर्धशतक और कप्तान सुमित घाडीगांवकर के नाबाद 48 रन के बावजूद असम की टीम ने रविवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन बंगाल के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट पर 194 रन बनाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पुरकायस्थ ने 140 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाकर असम की पारी को संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रद्युन सैकिया (38) के साथ 53 रन और फिर घाडीगांवकर के साथ चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर असम को 200 के करीब पहुंचाया।

### जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद पर कसा शिकंजा

जम्मू। जम्मू कश्मीर की टीम ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन रविवार को 170 रन पर आउट होने के बाद 88 रन तक हैदराबाद के छह विकेट चटकाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। मैच के शुरुआती दिन 16 विकेट गिरे, जिसमें जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टंप्स के समय हैदराबाद पहली पारी में जम्मू कश्मीर से अभी 82 रन पीछे है और उसके चार विकेट शेष है।

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ बनाए 319 रन

छत्तीसगढ़ ने अमतार क्रिकेट मैदान में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 319 रन बना लिए। अनुज तिवारी ने 162 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे ने 59 रन का योगदान दिया। संजीत देसाई 76 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में दिवी ने जीता खिताब

तिरुवनंतपुरम। दस साल की दिवी बिजेश ने नौ से 16 नवंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-12 बालिका वर्ग का खिताब जीता। दिवी के पिता बिजेश ने कहा कि इस खिलाड़ी ने नौ में से 8.5 अंक के स्कोर के साथ दबदबा बनाया। उनके अनुसार दिवी अंडर-10 की खिलाड़ी है, फिर भी उसने ऊंचे आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करना चुना। राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप एक अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता है, जिसमें युवा और सीनियर स्तर के 13 वर्ग शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रमंडल देशों के शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर्स भी भाग लेते हैं। 2025 में दिवी विश्व कप अंडर-10 बालिका चैंपियन, विश्व कैडेट रैपिड चैंपियन, विश्व कैडेट ब्लिट्ज वाइस चैंपियन और विश्व स्कूल शतरंज वाइस चैंपियन के रूप में उभरीं। कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य खिताबों सहित 75 से अधिक पदकों के साथ वह केरल की सबसे कम उम्र की महिला कैंडिडेट मास्टर और भारत की पहली अंडर-10 बालिक विश्व कप चैंपियन भी हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर अजीतेश



ताइपे। अजीतेश संधू ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के चौथे और आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 22वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। एस चिक्कारंगप्पा (70) संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहे। थाईलैंड के एकफारित वू ने अंतिम दौर में स्थानीय खिलाड़ी हंग चिएन-याओ को दो शॉट से हराकर अपने पदार्पण सत्र में एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 26 वर्षीय वू ने पार-72 कोर्स पर पांच अंडर-पार 67 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा। भारत के खालिन जोशी (71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे, जबकि विराज मदप्पा (72) संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर रहे। पुखराज सिंह गिल (72) संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहे।

### थीगाला ने बनाया 71 का स्कोर, 39वें स्थान पर पहुंचे



साउथम्पटन। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थीगाला बटरफील्ड बरमूडा चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर आ गए हैं। पहले दो दौर में 76 और 65 का कार्ड खेलने वाले थिगाला ने तीसरे दौर में तेज हवाओं के बीच 71 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर दो अंडर हो गया है। दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर थे। इस बीच एडम शेंक ने बोगी रहित राउंड खेला और चार अंडर 67 का स्कोर बनाया, जिससे वह ब्रेडन थॉर्नबेरी के साथ संयुक्त बढ़त पर आ गए।

## कोलकाता टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत

# लो स्कोर चेज नहीं कर पाई भारतीय टीम साउथ अफ्रीका ने बनाई 1-0 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान तेम्बा बावुमा के जुझारू अर्धशतक के बाद अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की ईडन गार्डस की खतरनाक पिच पर बलखाती गेंदों के जादू से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में तीसरे दिन ही रविवार को 30 रन से हराकर भारतीय धरती पर 15 साल में अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के सामने 124 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 35 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

### बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। गिल की अनुपस्थिति में केवल वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 31 रन) ही कुछ देर तक संघर्ष कर पाए। बाकी बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल विकेट से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई, जिससे एक बार फिर से भारतीय टीम की टर्निंग पिचों पर कलई खुल गई। पिछले छह टेस्ट मैचों में यह भारत की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी, जिसमें पिछले साल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों पर 0-3 से मिली हार भी शामिल है। रिकॉर्ड की बात करें तो यह दूसरा न्यूनतम लक्ष्य है, जिसको भारत हासिल करने में नाकाम रहा। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में ब्रिजटाउन में 120 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था।



### भारत में पहली बार हुआ ऐसा कमाल

ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत में किसी भी टेस्ट मैच की चारों पारियों में 200 से भी कम स्कोर बनाए गए हों। इससे पहले भारत में ऐसा कभी नहीं हुआ था। ओवरऑल देखें तो कुल 12वीं बार ऐसा हुआ है, जब किसी टेस्ट मुकाबले की चारों पारियों में 200 से भी कम रन बने हों।

### 22 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट

2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के बरसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 22 नवंबर से दूसरे टेस्ट मैच का आगाज होगा, जिसमें भारत की कोशिश जीत दर्ज करने की होगा ताकि सीरीज से 1-1 से बराबर की जा सके।

### अंकतालिका में टीम इंडिया को नुकसान

भारत को अंकतालिका में नुकसान उठाना पड़ा। कोलकाता टेस्ट में जीत के बाद साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा फायदा हुआ और टॉप 2 में पहुंच गई। साउथ अफ्रीका से हार के साथ ही भारतीय टीम तीसरे स्थान से चौथे स्थान पर आ गई जबकि साउथ अफ्रीका की टीम चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई। इस मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर ही बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान की टीम अंकतालिका में 5वें स्थान पर बनी हुई है।

**कोलकाता टेस्ट में हार के कारण**

### गंभीर की रणनीति पर सवाल

भारतीय बल्लेबाज जब स्पोर्टिंग विकेट पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इस तरह की टर्निंग पिच की क्या जरूरत है? गौतम गंभीर की कोचिंग में इस तरह की रणनीति के साथ भारत को मुंह की खानी पड़ी है। भारत को घरेलू सरजमीं पर पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भी गंभीर नहीं माने और साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक बार फिर टर्निंग पिच चुनकर औंधे मुंह गिरी।

### साई सुदर्शन बाहर

गौतम गंभीर का ऑलराउंडर के प्रति लगाव कमाल का है। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 चौंकाने वाली थी। कारण वही गंभीर का ऑलराउंडर प्रेम था। साई सुदर्शन को ड्रॉप करके वाशिंगटन सुंदर को नंबर 3 पर मौका दिया गया। टेस्ट मैच में 6 गेंदबाजी विकल्प के साथ उतरना काफी हैरानी भरा फैसला था।

### गिल की चोट

कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होकर टेस्ट मैच से बाहर होना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा झटका था। वह पहली पारी में भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। गर्दन में ऐंठन के कारण एक चौका लगाने के बाद ही पवेलियन लौट गए थे। अगर वह फिट होते तो संभवतः भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत होती।

### 21 साल बाद हुआ अनोखा कारनामा

दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में कुल मिलाकर 594 रन बने। यह भारत में किसी भी ऐसे टेस्ट मैच का सबसे कम संयुक्त स्कोर है, जिसमें चारों पारियों में परिणाम निकला हो। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2004 में वानखेड़े टेस्ट के नाम था, जिसमें कुल 604 रन बने थे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस टेस्ट मैच का नतीजा तीसरे दिन ही आ गया था। भारत ने 13 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 | 23 | 0 | 0 |
| मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 | 30 | 1 | 0 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 55 | 136 | 4 | 0 |
| जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 | 2 | 0 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 05 | 18 | 0 | 0 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 | 16 | 1 | 0 |
| यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 | 16 | 0 | 1 |
| कोर्बिन बॉश बो बुमराह | 25 | 37 | 2 | 1 |
| हार्मर बो सिराज | 07 | 27 | 0 | 0 |
| महाराज पगबाधा बो सिराज | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: 54 ओवर में 153 रन
गेंदबाजी: जसप्रीत बुमराह 10-2-24-1, अक्षर पटेल 14-0-36-1, कुलदीप यादव 8-1-30-2, रवींद्र जडेजा 20-3-50-4, मोहम्मद सिराज 2-0-2-2

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेने बो यानसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेने बो यानसन | 01 | 6 | 0 | 0 |
| सुंदर का हार्मर बो मारक्रम | 31 | 92 | 2 | 0 |
| जुरेल का बॉश बो हार्मर | 13 | 34 | 3 | 0 |
| पंत का एवं बो हार्मर | 02 | 13 | 0 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो हार्मर | 18 | 26 | 2 | 0 |
| अक्षर का बावुमा बो महाराज | 26 | 17 | 1 | 2 |
| यादव पगबाधा बो हार्मर | 01 | 13 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सिराज का मारक्रम बो महाराज | 00 | 1 | 0 | 0 |

शुभमन गिल एब्सेंट हर्ट
अतिरिक्त : 01
कुल योग : 35 ओवर में 93 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : यानसन 7-3-15-2, हार्मर 14-4-21-4, महाराज 9-1-37-2, बॉश 2-0-14-0, मारक्रम 3-0-5-1

## 34 साल के मिचेल ने जड़ी धमाकेदार सेंचुरी लगाए 12 चौके-दो छक्के



एजेंसी ▶▶| हेग्ले ओवल

न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मैच हेग्ले ओवल क्राइस्टचर्च में खेला जा रहा है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी के लिए कहा। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 269 रन बनाने में कामयाब रही। कीवी टीम की तरफ से 34 साल के डेरिल मिचेल ने शानदार शतक लगाया और वह 119 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इसी पारी के बदौलत कीवी टीम 269 रन बनाने में कामयाब रही।

■ न्यूजीलैंड वेस्टइंडीज वनडे सीरीज

### मिचेल ने लगाया सातवां वनडे शतक

डेरिल मिचेल की बात करें तो वह जब बैटिंग करने के लिए आए उस वक्त टीम 24 के स्कोर पर 2 विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद उन्होंने पारी को संभाला। शुरुआत मिचेल संभलकर बैटिंग करते हुए नजर आए। लेकिन एक बार क्रीज पर सेट होने के बाद उन्होंने खुलकर शॉट्स खेलना शुरू किया। इस दौरान डेरिल मिचेल ने अपने करियर का 7वां वनडे शतक पूरा किया। अंत में वह 12 चौके और दो छक्के की मदद से 118 गेंदों में 119 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। डेरिल मिचेल के लिए यह पिछली चार वनडे पारियों में तीसरा 50+ स्कोर है। वहीं पिछली आठ वनडे पारियों में उनका औसत 82 से ज्यादा का रहा है। वह इस फॉर्मेट में न्यूजीलैंड टीम के सबसे अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। अब वह बचे हुए दो वनडे मैचों में भी इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे।

**विश्व कप क्वालीफाइंग**

## स्पेन का शानदार प्रदर्शन जॉर्जिया को 4-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

मिकेल ओयारजाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया को 4-0 से हराकर अगले साल होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। स्पेन की टीम ने ग्रुप चरण में पांच मैच में जीत हासिल की है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। यूरोपीय चैंपियन मंगलवार को अपने अंतिम क्वालीफायर में तुर्किए से भिड़ेगा। स्पेन ग्रुप ई में तुर्किए से तीन अंक आगे है, जिसने बुल्गारिया को 2-0 से हराया था।

### कजाकिस्तान ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका

यूरोपीय क्वालीफिकेशन के 12 ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप में प्रवेश करेंगे। फ्रांस, इंग्लैंड और क्रोएशिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का करके विश्व कप में जगह बना चुके हैं। इस बीच बेल्जियम का इंतजार बढ़ गया। कजाकिस्तान ने बेल्जियम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। बेल्जियम ग्रुप जे में उत्तरी मैसेडोनिया से दो अंक आगे शीर्ष पर है। ग्रुप जे में ही जॉर्डन जेम्स के गोल की मदद से वेल्स ने लिचटेंस्टीन पर 1-0 से जीत हासिल की। यूनान ने ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया, जबकि डेनमार्क ने बेलारूस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। स्वीडन को 4-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष पर बना हुआ है।

**बेइटन कप**



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के बीच 126वें बेइटन कप के फाइनल हॉकी मैच के दौरान लाल रंग की पोशाक में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए।

## हर्षित राणा ने साउथ अफ्रीक ए को किया नेस्तनाबूद, 5 ओवर में मचाई धमाचौकड़ी

राजकोट। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया। वे अभी इंडिया ए की ओर से साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ खेल रहे हैं। हर्षित राणा ने तीन मैच की वनडे सीरीज के लगातार दूसरे मुकाबले में कमाल किया। राजकोट में खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन अहम विकेट लिए और मेहमान टीम को 132 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा बाएं हाथ के फिरकी बॉलर निशांत सिंधु ने चार शिकार किए।

हर्षित को चौथे गेंदबाज के रूप में बॉलिंग करने का मौका मिला। उन्होंने ही भारतीय टीम को पहली कामयाबी दिलाई और लुहान ड्रे



प्रीटोरियस (21) को आउट किया। फिर जॉर्डन हरमन (4) को रवाना किया। अगले ओवर में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान मार्कस एकरमैन (7) को विकेट के पीछे इशान किशन के हाथों कैच कराया। इन तीन विकेटों ने मेहमान टीम की लय को तोड़ दिया। एक समय टीम का स्कोर बिना नुकसान के 39 और फिर दो विकेट पर 66 रन था।

## बधिर ओलंपिकः मोहम्मद मुर्तजा ने 250.1 अंक के साथ जीता रजत

# एयर राइफल में धनुष ने गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने टोकिया में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। 23 वर्षीय श्रीकांत ने 2022 में ब्राजील में 19 साल की उम्र में बधिर ओलंपिक में पदार्पण किया था और दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 252.2 का फाइनल विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया।

हमवतन मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने फाइनल में 250.1 अंक से रजत जबकि दक्षिण कोरिया के बाएक सेउंगक ने 223.6 अंक से कांस्य पदक जीता। फाइनल में धनुष ने बधिर ओलंपिक और बधिर ओलंपिक फाइनल विश्व



रिकॉर्ड दोनों को तोड़ते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल बधिर ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2022 में उन्होंने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। धनुष सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में माहित संधू के साथ जोड़ी बनाकर अपने करियर का चौथा स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

### महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में माहित ने जीता सिल्वर

20 वर्षीय माहित संधू ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हमवतन कोमल वाघमारे (228.3) ने कांस्य पदक जीता जबकि यूक्रेन की लिडकोवा वायलेटा ने 252.4 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। संधू ने 623.4 अंकों के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया जबकि वाघमारे (622.0) तीसरे स्थान पर रहीं थीं। बधिर निशानेबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सामान्य एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी रैंकिंग के आधार पर राष्ट्रीय शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी चुने जाते हैं।




## सबका साथ, सबका विकास का दुनिया में बजा रहा है डंका

# यूएनडीपी शीर्ष अधिकारी बोले-भारत 'ग्लोबल साउथ' की अग्रणी आवाज है उसकी सफलता की कहानियों से सीख सकती है दुनिया, जरा भारत से सीखिए

*यूएनडीपी के शीर्ष अधिकारी हाओलियांग शू ने कहा-भारत की कहानी केवल विकास की नहीं है, यह प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल और सहभागी शासन की भी कहानी है। भारत के विकास मॉडल से सीखे गए सबक एक अधिक समतापूर्ण और सतत विश्व का निर्माण कर रहे हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि भारत ने दिखाया है कि आर्थिक वृद्धि और सामाजिक समावेशन एक साथ संभव हैं तथा वह अपनी सफलता की कहानियों से ऐसे उदाहरण पेश कर रहा है जो अधिक न्यायसंगत दुनिया के निर्माण में सहायक हैं। यूएनडीपी के कार्यवाहक प्रशासक हाओलियांग शू ने कहा कि भारत की विकास की गाथा केवल आर्थिक प्रगति के बारे में नहीं है बल्कि यह प्रौद्योगिकी एवं सहभागी शासन के इस्तेमाल से यह सुनिश्चित करने की भी कहानी है कि विकास के उद्देश्य प्राप्त हों और कोई भी पीछे न छूटे। शू ने एक साक्षात्कार में कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता, विकास और निरंतरता के बीच संतुलन बनाने का एक खाका प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसे 'विकास पथ' तैयार कर रहा है जो आर्थिक रूप से सुदृढ़ और जलवायु के अनुकूल हैं।

### भारत ने तेज विकास को गरीब वर्ग से जोड़ा



हाओलियांग शू ने जमकर की सराहना

### दुनिया को भारत से सीखने की जरूरत

शू ने कहा कि जलवायु अनुकूलन, नवीकरणीय ऊर्जा और समावेशी डिजिटल वित्त के प्रति भारत की प्रतिबद्धता विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाने का एक उदाहरण पेश करती है। उन्होंने कहा कि भारत इस तरह विकास कर रहा है जो आर्थिक रूप से मजबूत और जलवायु-उत्तरदायी दोनों हों। डिजिटलीकरण और जलवायु कार्रवाई सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए हाओलियांग शू भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। यूएनडीपी के नवीनतम मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निचले स्तर पर आ गई है और पिछले दो वर्षों से यह लगभग स्थिर है। शू ने जलवायु परिवर्तन और गरीबी सहित विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के विकास मॉडल की सराहना की। यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तेज विकास को लोगों, विशेष रूप से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है।

### वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर

संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और यूएनडीपी के कार्यकारी प्रशासक शू डिजिटल परिवर्तन और जलवायु के अनुकूल कदमों सहित सहयोग के नए क्षेत्रों को मजबूत करने और उनकी पहचान करने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शू ने वैश्विक चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि यूएनडीपी के हालिया मानव विकास सूचकांक से पता चलता है कि मानव विकास में वैश्विक प्रगति 35 वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ गई है तथा पिछले दो वर्ष से यह लगभग स्थिर बनी हुई है। शू ने खासकर भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और वित्तीय समावेशन प्लेटफार्मों, जिनमें जन धन, आधार, मोबाइल (जेम) ट्रिनिटी और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) शामिल हैं, ने करोड़ों लोगों तक पारदर्शी और सीधे लाभ पहुंचाने में मदद की है, और ऐसे उदाहरण पेश किए हैं जिनका अब कई देश अनुसरण कर रहे हैं।

### भारत के प्रमुख कार्यक्रमों की तारीफ की

यूएनडीपी प्रमुख ने कहा कि भारत ने दिखाया है कि तीव्र विकास को लोगों, विशेषकर ऐतिहासिक रूप से पिछड़े लोगों में सोच-समझकर किए गए निवेश से जोड़ा जा सकता है। शू ने विशेष रूप से भारत के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और आयुष्मान भारत का उल्लेख किया और कहा कि ये कार्यक्रम आजीविका सुरक्षा को सामाजिक सुरक्षा के साथ जोड़ते हैं।

## खबर संक्षेप

### दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली होगी



**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच एक बड़ी डील जल्द होने वाली है। इसका ऐलान खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने रविवार को किया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस युद्धबंदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं, जिससे लगभग 1,200 यूक्रेनी कैदियों की रिहाई संभव हो सकेगी। यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख रुस्तम उमेरोव द्वारा वार्ता में प्रगति की शनिवार को की गई घोषणा के एक दिन बाद आया है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध है।

### समझौते में शामिल होने के लिए मनाएंगे ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात को प्रमुखता से स्पष्ट किया है कि वह सऊदी अरब और इजराइल के बीच संबंधों को सामान्य होते देखना चाहते हैं। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के 'अब्राहम समझौते' को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों की चर्चा की है। ट्रंप मंगलवार को जब व्हाइट हाउस में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे तो इजराइल के साथ रिश्तों को सामान्य करने का उनका प्रयास एजेंडे में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है।

## परमाणु कार्यक्रम पर विदेश मंत्री ने कहा

# ईरान देश में कहीं भी नहीं कर रहा यूरेनियम संवर्धन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने अपने यूरेनियम संवर्धन पर अपडेट दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि ईरान अब देश में किसी भी स्थान पर यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है। ईरानी मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने यह बात कही। जून में इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान की परमाणु सुविधाओं पर बमबारी के बाद यह तेहरान की तरफ से परमाणु कार्यक्रम के बारे में अब तक की सबसे सीधी प्रतिक्रिया है। अराकची ने कहा, ईरान में कोई अघोषित परमाणु संवर्धन नहीं है। हमारी सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की सुरक्षा और निगरानी में हैं। उन्होंने आगे कहा, अभी कोई संवर्धन नहीं हो रहा है क्योंकि हमारी सुविधाओं- हमारी संवर्धन सुविधाओं - पर हमला किया गया है। यह पूछे जाने पर कि ईरान को अमेरिका और अन्य देशों के साथ वार्ता जारी रखने के लिए क्या करना होगा, अराकची ने कहा कि अपने परमाणु कार्यक्रम पर ईरान का संदेश स्पष्ट है। इस दावे का साथ ईरान दुनिया को बताने की कोशिश कर रहा है कि वो अब इससे दूर हो गया है।



ईरानी विदेश मंत्री अराकची

### आक्रमण के अधीन अंतरराष्ट्रीय कानून

*आक्रामकता और आत्मरक्षा शीर्षक से आयोजित इस सम्मेलन में ईरानी राजनीतिक विश्लेषकों के शोधपत्र शामिल थे। जिनमें जून में हुए 12-दिवसीय युद्ध पर तेहरान का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया था. इनमें से कई विश्लेषकों ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की उस टिप्पणी का भी हवाला दिया। जिसमें उन्होंने इजराइल की इस बात के लिए प्रशंसा की थी कि उसने हमला करके "गंदा काम" किया है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर मोहम्मद काजिम सज्जादपुर ने लिखा, ईरान की रक्षात्मक प्रतिक्रिया उल्लेखनीय, प्रेरणादायक, ऐतिहासिक और सबसे बढ़कर, पवित्र थी। इजराइल के गंदे कामों की तुलना ईरानी राष्ट्र के नेक और साफ-सुथरे कार्यों से कैसे की जा सकती है? हालांकि ईरान वैश्विक कानूनों का भी ख्याल रखना है।*

### समुदाय अधिकारों को मान्यता देगा

ईरानी विदेश मंत्री ने आगे कहा, ईरान का परमाणु संवर्धन, परमाणु प्रौद्योगिकी के शांतिपूर्ण उपयोग का अधिकार, जिसमें संवर्धन भी शामिल है, निर्विवाद है। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास यह अधिकार है और हम इसका प्रयोग जारी रखेंगे और हम आशा करते हैं कि अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारे अधिकारों को मान्यता देगा और यह समझेगा कि यह ईरान का अटूट अधिकार है और हम अपने अधिकारों को कभी नहीं छोड़ेंगे।

## दिल्ली धमाका: यूपी से लेकर कश्मीर तक हुई ताबड़तोड़ छापेमारी

# 200 लोग रडार पर, 60 हिरासत में, डॉक्टर मुजम्मिल ने मदद के नाम पर बिछाया जाल

### किसी को इलाज तो किसी को पंप खरीदने के लिए दिए पैसे

### मदद के बहाने युवाओं को फंसाता था डॉ.मुजम्मिल

### 6 राज्यों तक मिले डॉक्टरों के टेरर नेटवर्क के तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले की गहन जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई बड़े और चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों की जांच में अब फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के डॉ. मुजम्मिल और लेडी डॉ. शाहीन की मोबाइल कॉल डिटेल्स और डिजिटल पेमेंट रिकॉर्ड्स से महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। यह पता चला है कि आतंकियों ने अपने नापाक मंसूबों में कामयाब होने के लिए 'मदद' को एक हथियार बनाया और कई लोगों को रुपए बांटकर अपने जाल में फंसाया। उनकी इस पूरी साजिश का मुख्य केंद्र फरीदाबाद का धौज और फतेहपुर तगा गांव रहा, साथ ही नूंह जिला भी उनके रडार पर था।

आतंकी संगठनों ने अब शैक्षिक और ग्रामीण क्षेत्रों में घुसपैठ कर एक नया और गोपनीय मॉड्यूल तैयार किया है और सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे 200 लोगों के नेटवर्क की कड़ियां को खंगाल रही है। अब तक 60 से अधिक लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। सामने आ रही हैं।जांच में पाया गया है कि डॉ. मुजम्मिल ने लोगों को आर्थिक मदद देकर फंसाया, जिनमें से 20 से ज्यादा लोग अभी हिरासत में हैं। मौलवी की जमीन पर बनाए गए मदरसे में सबमर्सिबल पंप लगाने के लिए उन्होंने 35 हजार रुपए दिए। इतना ही नहीं, एक गरीब कश्मीरी छात्र के बीमार पिता के इलाज के लिए 50 हजार रुपए भेजे, जिसके बदले में बाद में उस छात्र से आईईडी असेंबल करने में मदद ली गई।



एनआईए ने माना फिदायीन हमला था दिल्ली धमाका

### लखनऊ के होटल में मारा छापा

*यूपी एटीएस ने लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, 2 महीने पहले डॉक्टर शाहीन लखनऊ आई थी और इसी होटल में रुकी थी। कहा जा रहा है कि इसी होटल में डॉक्टर शाहीन के साथ उसके और भी कुछ परिचित रुके थे। बाद में वह अपने भाई डॉक्टर परवेज के साथ कानपुर भी गई थी। यूपी एटीएस इस होटल से जरूरी दस्तावेज और जानकारी जुटाने के बाद वापस गई। यूपी एटीएस सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद के धौज इलाके से डॉक्टर शाहीन ने सिम कार्ड लिया था और उसी से लगातार ऑपरेट कर रही थी। सिम लेते वक्त डॉक्टर शाहीन ने अपना एड्रेस प्रूफ अपने भाई डॉक्टर परवेज का दिया था।*

### अनंतनाग में आधी रात पुलिस का छापा

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल मामले की जांच के सिलसिले में काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने रविवार देर रात एक डॉक्टर के घर पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक, सीआईके की टीम ने अनंतनाग के मलखनाग इलाके में स्थित डॉक्टर के आवास पर रात में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान घर में हरियाणा की एक महिला डॉक्टर किरायेदार के रूप में रह रही पाई गई। सीआईके अधिकारियों ने घर से एक मोबाइल फोन जब्त किया, जिसे आगे की फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।

### दिल्ली से गिरफ्तार हुआ कार मालिक

एनआईए के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अमीर रशीद अली उस कार का पंजीकृत मालिक है, जिसका इस्तेमाल आत्मघाती हमलावर द्वारा धमाके में किया गया था। प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि आरोपी ने हमलावर के साथ मिलकर पूरी योजना तैयार की थी। एजेंसी ने दिल्ली पुलिस से केस अपने हाथ में लेने के बाद आरोपी की तलाश के



अमीर,आरोपी

### संदिग्ध आतंकी सुहेल के परिजनों से पूछताछ

गुजरात में सुहेल खां की गिरफ्तारी के बाद यूपी के लखीमपुर खीरी के सिंगाही कस्बे में हलचल तब तेज हो गई, जब गुजरात एटीएस की टीम ने अचानक यहां छापा मारा। टीम सिंगाही के वार्ड नंबर एक स्थित सुहेल के घर पहुंची और अंदर जाकर करीब एक घंटे तक उसके परिजनों से पूछताछ की। घर में तलाशी भी ली गई। सूत्रों के अनुसार, एटीएस के अधिकारियों ने घर की महिलाओं से अलग कमरे में बातचीत की और सुहेल की गतिविधियों, उसकी पढ़ाई, संपर्कों व पिछले कुछ महीनों के व्यवहार से जुड़ी जानकारी जुटाई।



सोहेल,आरोपी

### पैसे देकर टेलीग्राम से जोड़ा

*एक एमबीबीएस छात्र के भाई की शादी के लिए 1 लाख रुपए देकर उसे एक संदिग्ध टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। जब्त मोबाइल से मिली रिकॉर्डिंग में मुजम्मिल को यह कहते हुए सुना गया। भाई, अल्लाह की राह में मदद करो, सब ठीक हो जाएगा। इसके अलावा धौज के एक मजदूर को भी 5 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे।*

## सेनाओं के बीच अद्भुत तालमेल, अब जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी

### *नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक ऑपरेशन सिंदूर की ताकत थे*

# सीडीएस ने कहा- तकनीक से भावी युद्ध और चुनौतीपूर्ण होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना में तेजी से बढ़ रही संयुक्तता के बावजूद तीनों सेवाओं की अलग पहचान बनी रहेगी। पहलगाम हमले के बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर में दिखी बेहतरीन तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि नई क्षमताएं, साझा संसाधन और तकनीक-आधारित तैयारी भारत को भविष्य के युद्धों में बढ़त दिलाएंगी, जहां जीत स्मार्ट और तेज रणनीतियों से तय होगी। बता दें कि सीडीएस चौहान ने ये बातें नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मिलिटरी हेरिटेज फेस्टिवल के एक सत्र के दौरान कही। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल चौहान ने कहा कि हाल ही में हुई ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल से 7 मई के बीच कई महत्वपूर्ण सैन्य संसाधनों को पश्चिमी सीमा की ओर शिफ्ट करना पड़ा और यह काम बेहद सहज तरीके से, सिर्फ एक स्टार रैंक के अधिकारी स्तर पर ही पूरा हो गया। भविष्य की तैयारी पर चर्चा करते हुए सीडीएस ने कहा कि थियेटर कमांड्स बनने पर संयुक्त हेडक्वॉर्टर में स्टाफ भी संयुक्त रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि एक 'जॉइंट कल्चर' विकसित हो सके। उन्होंने युद्ध के बदलते स्वरूप पर भी बात की और कहा कि मानव भूगोल को समझना उतना ही आवश्यक है जितना भौगोलिक भूगोल, खासकर आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने में। सीडीएस के मुताबिक भावी युद्ध में जीत उन्हीं की होगी जो नए क्षेत्रों, जैसे अंतरिक्ष और तकनीकी डोमेन में असमानताएं पैदा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध हमेशा कठिन और ज्यादा नुकसान वाला होगा, जबकि नए क्षेत्रों में युद्ध तेज, स्मार्ट और तकनीक आधारित होगा।



### *जनरल चौहान ने इस बात का किया खुलासा*

*सीडीएस ने बताया कि तीनों सेनाओं में समान उपकरणों, जैसे एमआरएसएएम और ब्रह्मोस का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिससे इंटीग्रेशन आसान होता जा रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि इन हालिया हमलों में भारतीय नौसेना ने भी हिस्सा लिया और अपने पीएएलएम-400 व पीएएलएम-120 जैसे लंबी दूरी वाले घूमते हुए गोला-बारूद का इस्तेमाल किया। दिलचस्प बात यह रही कि यह क्षमता सेना और वायुसेना को पहले पता नहीं थी, लेकिन इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (आईडीएस) के पास यह जानकारी थी।*

## दोनों देशों को होगा फायदा : हरदीप पुरी

# भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण



केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी एक कार्यक्रम में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने कोरियाई दौरे के दौरान रविवार को कहा कि भारत की युवा शक्ति और कोरियाई टेक्नोलॉजी एक अच्छा मिश्रण है और इससे दोनों देशों को फायदा होगा। दक्षिण कोरिया की राजधानी सोल के दौरे पर गए पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा,कोरिया में करियर और शिक्षा के अवसर तलाश रहे युवा भारतीय पेशेवरों और छात्रों के एक समूह से जुड़कर मुझे बहुत खुशी हुई। पुरी ने आगे कहा, उन्होंने (भारतीय पेशेवरों और छात्रों) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वृद्धि और विकास के लिए अपने सपनों और उत्साह के बारे में पूरे मनोभाव से बात की। इस दौरे पर पुरी ने कई दक्षिण कोरियाई कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत की और भारत एवं कोरिया के बीच विशेषकर शिपबिल्डिंग में साझेदारी के अवसर की खोज की। पुरी ने कहा, हमारे ऊर्जा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम माल ढुलाई पर सालाना लगभग 5-8 अरब डॉलर खर्च करते हैं और उन्हें फिलहाल लगभग 59 जहाजों की आवश्यकता है। हनवा ओशन जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियों के लिए भारत के साथ काम करने और इन जहाजों का निर्माण करने का एक बड़ा अवसर है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109